जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

◆ सिरोही, सोमवार, 06 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 348 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



जाह्नवी ने किए तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन...

पेज -11

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रंप से मिली इटली की पीएम मेलोनी



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ट्रंप के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो क्लब में यह मुलाकात की। जॉर्जिया मेलोनी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली का अनुसरण किया, जिन्होंने नवंबर 2024 में ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले जाकर मिले थे।

### अल्लु अर्जुन दो माह तक देंगे थाने में हाजिरी



**हैदराबाद।** चार दिसंबर को फिल्म की प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में एक हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। तीन जनवरी को हैदराबाद की नामपल्ली कोर्ट ने अल्लु अर्जुन को कुछ शर्तों के तहत नियमित जमानत दी है। अब एक्टर को हर रविवार लगातार दो महीने तक पुलिस के सामने पेश होना होगा। अल्लु अर्जुन जमानत की शर्तों के तहत थाने में पेश हुए।

### एनसीबी ने 74 हजार कैप्सूल जब्त किए

**मुंबई।** मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 3 जनवरी से शुरू किए गए एक अभियान के दौरान मुंबई के एयर कार्गो टर्मिनल पर फार्मास्युटिकल दवाओं के 74 हजार अवैध कैप्सूल और 244,400 सिगरेट जब्त किए।

### ममता और जोशी को पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी को उनके 91वें जन्मदिन पर और ममता बनर्जी को उनके 70वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम नरेन्द्र मोदी ने जोशी के लिए लिखा, करोड़ों भाजपा सदस्यों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

# पीएम मोदी बोले, 'आपदा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोहिणी में विशाल जनसभा

### 'आप' पर साधा जमकर निशाना



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली में नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक इस ट्रेन में सफर भी किया। इसके बाद पीएम मोदी रोहिणी पहुंचे और यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये 25 साल भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। अपनी आंखों के सामने हम विकसित भारत की ये यात्रा देख पाएंगे। विकसित भारत के इस सफर का एक बहुत बड़ा पड़ाव जल्द ही आने वाला है। जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। इस गौरवशाली यात्रा में देश की राजधानी दिल्ली का कदम से कदम मिलाकर चलना बहुत जरूरी है। हमें अपनी दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी के रूप में डेवलप करना है।

### भाजपा को दें एक मौका

ये हम सभी का सपना है, इसलिए मैं दिल्लीवासियों से एक अपील करने आया हूं। ये भाजपा ही दिल्ली का विकास कर सकती है। बीते दस सालों में दिल्ली ने जिस तरह की सरकार देखी है वो किसी आपदा से कम नहीं है। ये एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है, 'आपदा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता से सभी सांसदों को आशीर्वाद दिया, मुझे विश्वास है कि विधानसभा चुनाव में भी आशीर्वाद मिलने वाला है।

### दिल्ली का दिल जीतने का सबसे स्वर्णिम समय

दिल्ली में भाजपा ने अपने बेहतरीन उम्मीदवार उतारे हैं। मैं सभी उम्मीदवारों से कहूंगा कि ये दिल्ली का दिल जीतने का सबसे स्वर्णिम समय है। जुट जाइये और दिल्ली को आपदा से मुक्ति दिलाइए। दिल्ली को दुनिया के बेस्ट शहरों में से एक बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के सपनों को पूरा करने वाला शहर बनेगा। दिल्ली नौजवानों के लिए नए भविष्य के निर्माण का शहर बनेगा। दिल्ली को ऐसे विकास की जरूरत है, जो दुनिया के लिए अर्बन डेवलपमेंट का मॉडल बनें। ये तभी हो सकता है जब केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार काम करेगी। जिसे दिल्ली की परवाह न हो वो दिल्ली का विकास नहीं कर सकती।

### बड़े प्रोजेक्ट का जिम्मा केंद्र सरकार के पास

आज भी दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम है, वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। दिल्ली में जो बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हैं, उनका जिम्मा केंद्र सरकार के पास है। जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो गया है। यहां आपदा वालों ने दिल्ली का माहौल खराब कर दिया है। दिल्ली के अनेक इलाकों में कैब वाले, ऑटो वाले जाने से बचते हैं,

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

### ....इधर केजरीवाल का पीएम पर पलटवार



केजरीवाल रविवार को दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन के विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे थे। जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मैजेंटा लाइन का विस्तार हुआ है। इस मौके पर केजरीवाल ने पीएम मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि इस मेट्रो लाइन का उद्घाटन उन लोगों को करारा जवाब है, जो कहते हैं कि दिल्ली सरकार दिल्ली से बाहर के लोगों के लिए काम नहीं करती है। हमारी पार्टी केवल और केवल दिल्ली के लोगों के लिए काम करती है। हमारी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया। हमलोगों पर इतने अत्याचार किया, लेकिन हमने अपने ऊपर अत्याचार को मुद्दा नहीं बनाया। अगर हम अपने ऊपर अत्याचार को दिल पर ले लेते तो आज दिल्ली के मेट्रो की नई लाइन का उद्घाटन नहीं होता। हमने कहा कि ये चाहे जितने अत्याचार कर लें लेकिन दिल्ली के विकास का काम नहीं रुकना चाहिए। प्रधानमंत्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं, दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में किसानों का मुद्दा भी उठाया और कहा कि बीजेपी ने 2020 में अपने संकल्प पत्र में कई वादे किए थे, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं। दिल्ली आधा राज्य है, जहां आधी सरकार आम आदमी पार्टी की है और आधी सरकार केंद्र की है। उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाए कि केंद्र के कारण दिल्ली का विकास रुका है।

## बूंदी में एनएच-52 पर हादसा

# मिनी बस ने कार को मारी टक्कर

### दो लोगों की मौत और दो घायल





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बूंदी/जयपुर।** जिले के तालेड़ा इलाके में नेशनल हाईवे 52 पर कोहरे के कारण एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी है। इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं, एक शव झाड़ियों में मिला है। घायलों को उपचार के लिए कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह हादसा रविवार सुबह लगभग 3.00 बजे की बताई जा रही है।

थानाधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि बूंदी की तरफ से कोटा एक कार जा रही थी। इसे पीछे की तरफ से आ रही एक मिनी बस ने टक्कर मार दी है। मिनी बस भी बूंदी की तरफ से कोटा जा रही थी। घटना में कोटा निवासी शैलेंद्र कटारिया की मौत हो गई, जबकि अमन और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, कोटा निवासी दिव्यांशु मीणा का शव झाड़ियों में पड़ा मिला है।

थानाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। दुर्घटना के बाद दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर यातायात को बहाल किया और जाम को हटवाया। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मिनी बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तेलंगाना के किसानों को मिलेंगे 12 हजार रुपए

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने रायथु भरोसा योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ जमीन के लिए मिलनी वाली राशि बढ़ाकर 12 हजार रुपए कर दी। इसके अलावा भूमिहीन खेत मजदूरों के परिवारों को भी नई शुरू की गई योजना इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना के तहत सालाना इतनी ही राशि मिलेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं हैं उन्हें नए राशन कार्ड दिए जाएंगे। ये सभी योजनाएं 26 जनवरी से शुरू हो जाएंगी। मंत्रिमंडल ने भारतीय संविधान के लागू होने के 75 साल पूरे होने पर योजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है।

## एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला

# नौ और ट्रेनी एसआई सस्पेंड

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर-2021 पेपरलीक मामले में गिरफ्तार हो चुके 9 और ट्रेनी एसआई सस्पेंड किए गए हैं।

एसओजी की ओर से गिरफ्तार 45 ट्रेनी एसआई में से अब तक 20 सस्पेंड किए जा चुके हैं। इससे पहले 3 जनवरी को 11 एसआई को सस्पेंड किया गया था। रविवार को बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने 8 ट्रेनी एसआई करणपाल गोदारा, जयराम, मनीष बेनीवाल, श्रवण कुमार, मनीषा, अंकिता गोदारा, मंजू विश्नोई व मंजू देवी को निलंबित किया है। इनमें से मंजू विश्नोई को बीकानेर व मंजू देवी को हनुमानगढ़ व अन्य को श्रीगंगानगर जिला आवंटित है। अजमेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने 1 ट्रेनी एसआई सुभाष विश्नोई को सस्पेंड किया है। 3 जनवरी को जयपुर, उदयपुर रेंज के 11 ट्रेनी एसआई निलंबित किए गए थे।

# पोरबंदर एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर क्रैश

| दो पायलट समेत तीन की मौत | जमीन से टकराते ही हेलीकॉप्टर में लगी आग | प्रशिक्षण उड़ान पर था एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर |
|---|---|---|



**अहमदाबाद।** गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय तटरक्षक बल का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। नियमित ट्रेनिंग उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आईसीजी अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर में दो पायलट समेत तीन लोग सवार थे। इस घटना में तीनों की मौत हो गई है।

उड़ान भरने के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण विमान क्रैश हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। आईसीजी का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हेलीकॉप्टर में सवार चालक दल के तीनों सदस्यों को बाहर निकाला गया और गंभीर रूप से जली हुई हालत में पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। भारतीय तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि कोस्टगार्ड का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान गुजरात के पोरबंदर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जमीन से टकराते ही हेलीकॉप्टर में आग लग गई और धुएं का गुब्बार निकलने लगा।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट

# सीएम भजनलाल शर्मा करेंगे निवेश एमओयू की समीक्षा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार, 6 जनवरी को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हस्ताक्षरित हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा समीक्षा बैठक में कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य, चिकित्सा एवं





स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन और नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। गत वर्ष में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत कुल 35 लाख करोड़ रु. से अधिक के एमओयू किए गए थे।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

### 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आज

## नीतीश कुमार ने ठुकराया लालू प्रसाद का ऑफर

# आरजेडी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू यादव का ऑफर ठुकरा दिया है। उन्होंने अपना बयान दोहराते हुए कहा कि वह दो बार गलती से उनके साथ चले गए थे, लेकिन अब ऐसा नहीं करेंगे। वह अपने पुराने साथियों के साथ हैं और बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए काम किया है और मतदान के समय लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। प्रगति यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में नीतीश ने लालू के ऑफर का जवाब देते हुए कहा, कि हम तो दो बार गलती से उन सबके साथ चले गए थे, लेकिन अब उनको छोड़ दिया और अब पुराने साथियों के साथ हैं। उस महिला के लिए कोई काम करता था क्या? शाम होने के बाद कोई निकलता था क्या घर से? समाज से सभी वर्ग के लोगों के लिए हम लोगों ने काम किया है।

### एनडीए का हिस्सा बनी रहेगी जेडीयू



### जीविका दीदी का जिक्र

नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने ही जीविका दीदी की शुरुआत की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए काम किया। जीविका दीदी की जरूरतों के हिसाब से उनकी मदद की जाती है। आज उनके चेहरे में एक खुशी नजर आती है।

## महामंडलेश्वर ने की सनातन बोर्ड की मांग

# ...ऐसा न हो कि कुंभ के बाद वक्फ बोर्ड ही न रहे

### वक्फ बोर्ड पर साधु-संतों ने जताई नाराजगी

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर बसी तंबुओं की नगरी

### मांग : नौ लाख एकड़ वापस चाहिए जमीन

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 के लिए प्रयागराज में बनी तंबुओं की नगरी की जमीन वक्फ बोर्ड की होने के दावे पर साधु-संतों ने नाराजगी जताई है। महामंडलेश्वर का कहना है कि सरताज का सिर चकरा गया है। यह सरताज कौन है, वह उसे नहीं जानते। सरताज को कोई गंभीरता से नहीं लेता, लेकिन वक्फ बोर्ड को गंभीरता से लेते हैं और वक्फ बोर्ड की नौ लाख एकड़ जमीन उन्हें वापस चाहिए। महामंडलेश्वर ने सनातन बोर्ड की मांग करते हुए कहा कि सनातन बोर्ड बनाया जाना चाहिए। इसके बाद आबादी के आधार पर संपत्तियों का बंटवारा कर दिया जाना चाहिए।



उन्होंने वक्फ बोर्ड की नौ लाख एकड़ जमीन में छह लाख एकड़ सनातन बोर्ड को देने की मांग की। प्रयागराज के महाकुंभ में बसी तंबुओं की नगरी की जमीन वक्फ बोर्ड की होने के बयान से अखाड़े के साधु संत काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि ये बयान जान बूझ कर दिया गया है, ताकि विवाद उत्पन्न हो। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर का कहना है कि बयान देने वाले सरताज का सिर घूम गया है। कुंभ के बाद वक्फ बोर्ड ही न रहे, ये भी हो सकता है।

# प्रदेश में 55 हजार चिकित्सकों के पदों पर होगी भर्ती : गर्ग

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 672 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सुबोध विद्या मंदिर (रामपुरा कॉलोनी गोडिजी) परिसर में रविवार को सेवा भारती जालोर एवं परमार परिवार के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर में जालोर शहर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के 672 रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। मुख्य सचेतक गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 55 हजार चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। जिले में मेडिकल कॉलेज का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सीय सुविधाओं के विकास के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र को दिलवाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने सेवा भारती एवं परमार परिवार द्वारा इस प्रकार के आयोजन को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि जालोर जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भामाशाहों का सहयोग अनुकरणीय है। उन्होंने सामाजिक सरोकार के हर कार्य में सहयोग की बात कही। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष ललित दवे व जिला मंत्री विनोद कुट्टी ने बताया कि शिविर में इएनटी व कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अमित भंडारी, डॉ. ओपी मेवाडा, डॉ सौरभ त्रिवेदी, डॉ अजाराम, डॉ उकाराम चौधरी व फिजिशियन डॉ सौरभ शर्मा ने जांच की। साहित्यकार एवं रंगकर्मी जितेन्द्र जालोरी ने सेवा भारती एवं परमार परिवार द्वारा आयोजित कैम्प के उद्देश्य एवं उपादेयता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सेवा भारती के प्रांत मंत्री चंपत मिस्त्री, जितेश सोनी, सुरेन्द्र परमार, प्रेम परमार, नाथू सोलंकी, सांवलचन्द माली, परमानन्द भट्ट, पारस परमार सहित जालोर शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का किया अवलोकन

उधर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने रविवार को नवनिर्माणाधीन जालोर रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने रेलवे के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर स्टेशन के प्रवेश द्वार व निकास के मार्ग अलग-अलग किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के समीप शहीद स्मारक के बाईं ओर व दाईं ओर अलग-अलग सड़क मार्ग द्वारा प्रवेश द्वार एवं निकास मार्ग अलग-अलग किए जाने के संबंध में शीघ्र कार्यवाही किए जाने की बात कही। रेलवे स्टेशन परिसर में लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर लगी भीनमाल की जूती स्टॉल सहित रेलवे स्टेशन की स्वच्छता एवं विकास के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार व रेलवे मंत्रालय द्वारा देशभर में चयनित आदर्श स्टेशनों में जालोर रेलवे स्टेशन का भी विकास कार्य प्रगतिरत है। रेलवे स्टेशन के अवलोकन के दौरान स्टेशन अधीक्षक दिनेश मीणा, जेपी मीणा, स्टेशन मास्टर सुरेश पटेल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।





# यातायात व्यवस्था बदहाल, हर रोज लगते जाम से आमजन परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर बदहाल यातायात व्यवस्था के कारण आए दिन लगने वाले जाम से आमजन परेशान है। यातायात पुलिस की गैर मौजूदगी और अव्यवस्थित वाहनों के कारण पैदल राहगीरों सहित अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्य बस स्टैंड पर निजी बस ऑपरेटरों की मनमानी चरम पर है। बसें सड़क पर खड़ी कर सवारियों को उतारने और चढ़ाने का सिलसिला आम बात है। इससे मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

### आपेश्वर मार्ग पर बेतरतीब पार्किंग

आपेश्वर रोड पर वाहन चालक अपनी मनमर्जी से वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय लोग इस समस्या से परेशान हैं और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। रामसीन में बाईपास रोड होने के बावजूद भारी वाहन मुख्य बाजार से होकर गुजरते हैं। इससे बाजार क्षेत्र में यातायात बाधित होता है और सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

### यातायात पुलिस की कमी से बढ़ी समस्या

कस्बे में यातायात पुलिसकर्मियों की भारी कमी है, जिसके कारण अव्यवस्थाओं पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की अनुपस्थिति से वाहन चालक मनमानी करते हैं और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य बस स्टैंड और अन्य मुख्य मार्गों पर यातायात पुलिस की तैनाती की जाए।

### मिलनी चाहिए समस्या से निजात

पुलिस को इस गंभीर समस्या के समाधान पर ध्यान देना चाहिए, ताकि आमजन एवं ग्रामीणों को परेशानियों से निजात मिल सके।

*श्यामसुंदर अग्रवाल व गोविंद सोनी*
*ग्रामवासी-रामसीन।*

# मातृभाषा गौरव पुस्तक का विमोचन



### किशोरी संस्कार शिविर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** आदर्श विद्या मंदिर बालिका उच्च माध्यमिक में एक दिवसीय किशोरी संस्कार शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें मातृभाषा गौरव पुस्तक का विमोचन किया गया। जिला निरीक्षक नरेंद्र आचार्य ने बालिकाओं को वर्तमान समय में आने वाली चुनौतियां तथा उनका सामना करने के संबंध में उचित जानकारी से अवगत करवाया। दूसरे सत्र में बालिकाओं ने अलग अलग ग्रुप के माध्यम से प्रतियोगिता में भाग लिया। तीसरे सत्र में विभिन्न सजावट की सामग्री जैसे तोरण, थालपोस, मटकी सजावट, रंगोली, मेहंदी आदि बनाई। चतुर्थ सत्र में बालिकाओं ने हलवा, खीर, कोफ्ता, पानी पुरी, सैंडविच, भेल, दही पुरी बनाई। जिसका अतिथियों ने मूल्यांकन किया। समापन सत्र में एडवोकेट प्रियंका महेश्वरी ने बालिकाओं के जीवन को संयमित व संस्कृत रूप से आगे बढ़ाने की बात कही। प्रधानाचार्य अमित व्यास ने जीवन में आगे सफलता के साथ बढ़ने के संबंध में प्रकाश डाला। डॉ श्रवण मोदी, रतनलाल अग्रवाल, भंवर कानूनगो, नारायणलाल जांगिड़, मोहनलाल परिहार, प्रताप पुरोहित, नरेंद्रसिंह गोहिल, श्रवण सोनगरा, सुरेश पारीक, मीनाक्षी चौधरी, प्रधानाचार्य अमित व्यास, उप प्रधानाचार्य सुशीला राव, अरविंद सेन, विक्रम सोनगरा, योगेश वैष्णव, रमेश सुथार, मनीष सोनी, निश, राजेश, कल्पना, नीतू, भाग्यवंती, सीमा बालोत व मीनाक्षी बालोत आदि मौजूद थे।

# युवा मेहनत से करें पढ़ाई, तभी मिलेगी सफलता : सैनी

## माली समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान व मातृशक्ति सम्मेलन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी स्थित माली समाज भवन में रविवार को संत लिखमीदास सेवा संस्थान (भीरु ग्रुप) के बैनर तले माली समाज का जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह व मातृशक्ति सम्मेलन भारत माता सेवा संस्कार ट्रस्ट के संत आत्मानंद महाराज के सान्निध्य में हुआ। समारोह में जालोर जिले की 704 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विमेन एंड चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट भाग्यश्री सैनी ने कहा कि अपने सपनों को कैसे साकार करना है यहीं सीखना होगा। युवा लग्न व मेहनत से पढ़ाई करें, तभी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मां बालक की पहली गुरु है। मातृशक्ति को भी निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। डाइटीशियन डॉ. इंदु सैनी उदयपुर ने कहा कि आज हम प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे है। पक्षी रात में दाना नहीं चुगते है, लेकिन मनुष्य देर रात तक भोजन व पार्टियां कर रहे है। सर्दी, गर्मी के मौसम में खानापान को लेकर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आज 90 प्रतिशत बीमारियों मनुष्य के गलत खानपान से हो रही है। शिक्षाविद मुकेशकुमार सोलंकी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार देने की आवश्यकता है। दीशा माली सिरोही ने युवाओं को टेंलेंट को निखारने का आह्वान किया। संत आत्मानंद महाराज ने महिला सम्मान देने की आवश्यकता जताई। अधिवक्ता भावना सैनी दौसा ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन आएगा। पुलिस निरीक्षक रामेश्वरलाल भाटी ने कहा कि समय शिक्षा व टेक्नोलोजी का है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि जमाना बदल गया है। अपने बच्चों के प्रति मित्रता का व्यवहार रखे। उन्होंने उपस्थित युवाओं को सोश्यल मीडियों से दूर रहने का आह्वान किया। समारोह को डॉ. विमला परिहार सिवाणा, व्याख्याता ममता जालोर, शिक्षिका गीता परिहार कवास ने भी सम्बोधित किया।

### यह भी रहे मौजूद

*डॉ. मदनलाल परमार, सीएल गहलोत, बाबूलाल सुंदेशा, मांगीलाल परमार, जगदीश परमार, सवाराम परमार, लालाराम परमार, भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी, सीए जितेन्द्र माली, बाबूलाल परमार, रमेश सुंदेशा, पुखराज गहलोत, भभूताराम परमार, माली युवा संगठन के अध्यक्ष मेघराम परमार, सुरेश सोलंकी, चेतन गहलोत, किरण कुमार, सीलासन सरपंच वरदाराम माली, अरविन्द माली आदि मौजूद थे।*

### मेडल से किया सम्मानित

सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि समारोह में 4 प्रतिभाओं को गोल्ड मेडल से, 600 प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल से, 100 महिला शिक्षिकाओं व भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह का संचालन पारसमल सांखला व मीठालाल जांगिड ने किया। संस्थान के अध्यक्ष छगाराम सांखला ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

# मोबाइल एसोसिएशन व्यापारियों की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** मोबाइल एसोसिएशन की बैठक क्षेमंकरी माता मंदिर की तलहटी में आयोजित की गई। एसोसिएशन के गजेंद्रसिंह राणावत ने बताया कि आधुनिक समय में मोबाइल व्यक्ति की सर्वप्रथम आवश्यकता है। मोबाइल के बिना व्यक्ति का कार्य अधूरा है। हर कार्य में यह उपकरण व्यक्ति को विकास की ओर ले जाता है। प्रशांत त्रिवेदी ने संगठन को मजबूत बनाने की जानकारी दी। भंवर माहेश्वरी ने ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यापार पर विचार व्यक्त किए। रमेश जांगिड़, उत्तम जैन, मनोहर जैन, महेंद्रकुमार ने संगठन को मजबूत बनाए रखने की बात कही। बैठक में सर्वसम्मति से महीने के प्रथम रविवार को दुकानों का अवकाश रखने का निर्णय किया।



भोजन प्रसादी गजेंद्रसिंह राणावत की तरफ से रखी गई। महेंद्र भाटी, डायालाल जांगिड़, मुकेश जांगिड़, कृष्ण माली, नीतिन ठाकुर, नरेश दवे, दलाराम माली, हंताराम चौधरी, हरसन, निलेश नागर, वसंत जांगिड़, वीरेंद्रसिंह, राजेश चौधरी, अखिल खान, उम्मेदसिंह, जगदीश वैष्णव वकील अली, आसिफ अली, श्याम माली, महेंद्र वैष्णव, निलेश त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

# जालोर की बालिकाओं ने भोपाल में बिखेरा राजस्थानी संस्कृति का रंग




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एनसीइआरटी में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की छात्राओं ने लोक नृत्य के माध्यम से राजस्थानी लोक संस्कृति के रंग बिखेर वाह वाही लूटी। टीम प्रशिक्षक श्रीमती शैलजा माथुर के मार्गदर्शन में ऐश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी, भाग्यश्री सोनी, कीर्ति सुथार एवं प्रिया ने राष्ट्रीय कला उत्सव छात्रा वर्ग में लोक नृत्य सामूहिक विधा में भाग लेकर राजस्थानी लोक संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर जीवंत करने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि शैलजा माथुर के दिशा निर्देशन में विद्यालय के दल ने दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया है। शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापिका के पद पर कार्यरत राज्यस्तरीय पुरस्कृत शिक्षिका श्रीमती शैलजा माथुर ने विभिन्न विद्यालयों में सेवारत रहते हुए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इससे पूर्व में दो बार लेटा व एक बार बागरा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर जालौर जिले का नाम रोशन किया है। फलस्वरूप इनके निर्देशन में जिले के दल को पांचवीं बार राष्ट्रीय स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिल रहा है। इस बार दल ने कालबेलिया, कठपुतली, तेरहताली, कच्छी घोड़ी नृत्य के माध्यम से बालिकाओं ने अपने हुनर का फन बिखेर कर खूब वाहवाही बटोरी।

# साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों की दी जानकारी

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरुक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** कस्बे में रविवार को पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देकर आमजन को जागरुक किया गया। अभियान को लेकर सहायक उप निरीक्षक हुसैन खान एवं हैड कांस्टेबल डूंगराराम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने की अपील की एवं आमजन को साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी साझा की गई। कांस्टेबल अशोककुमार, शंकरलाल, इराराम, प्रभूराम, मंगलाराम, बगाराम प्रजापत, पप्पूराम मेघवाल सहित कई रिक्शा व ट्रैक्सी चालक मौजूद थे।



# सत्संग से बदलता है मनुष्य का जीवन : कृपाराम

## भागवत कथा में ध्रूव एवं विदुर के चरित्र का किया वर्णन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** डूंगरी में वेलाणी परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथावाचक कृपाराम महाराज ने ध्रूव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि अगर ध्रूव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकते है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान कृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान कृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया। संत कृपाराम ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। रविवार को क्षेत्रभर से लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। प्रशासन की ओर से कथा स्थल पर व्यवस्था चाक-चौबंद रही। महिला एवं पुलिस जवान तैनात रहे। मेडिकल कैम्प में चिकित्सक मौजूद रहे। कथा में रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, विराज देवासी सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। समाजसेवी अमृत पुरोहित ने बताया कि भागवत कथा में पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है। इस मौके पर प्रागाराम पुरोहित, केराराम पुरोहित, करनाराम, नरपत के पुरोहित, हीराराम पुरोहित, कमलेश पुरोहित, अशोक पुरोहित एवं अभिषेक पुरोहित सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

## रामसीन पुलिस ने दबोचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर/रामसीन।** एनडीपीएस मामलों में फरार वांछितों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के तहत रामसीन पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एसपी ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशन एवं जालोर एएसपी मोटाराम गोदारा व भीनमाल डीएसपी अन्नाराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में रामसीन थानाधिकारी एसआइ तेजूसिंह मय जाब्ता 12 अप्रेल 2023 को भीनमाल थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में लंबे समय से फरार वांछित जालोर जिले के करड़ा थानान्तर्गत करड़ा गोलिया निवासी भजनलाल पुत्र पुनमाराम विश्नोई (कुराड़ा) को गिरफ्तार कर लिया।

### घटना की बानगी

भीनमाल थाने के सीआइ लक्ष्मणसिंह मय जाब्ता 12 अप्रेल 2023 को सरहद पुनासा में पूनासा निवासी आशुराम पुत्र रायचंद विश्नोई से 50 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ में उसे स्मैक की आपूर्ति करड़ा निवासी राकेश कुमार पुत्र हरीराम गोदारा विश्नोई को एवं राकेशकुमार को करड़ा निवासी भजनलाल पुत्र पुनमाराम विश्नोई कुराड़ा की ओर से करना सामने आया। पुलिस ने आशुराम को यह आपूर्ति सेवड़ी निवासी बुधाराम विश्नोई को देने जाने के दौरान गिरफ्तार किया था।

### इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी

प्रकरण में आशुराम विश्नोई, राकेशकुमार विश्नोई व बुधाराम विश्नोई की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। लेकिन स्मैक सप्लायर भजनलाल लंबे समय से फरार था। जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया।

### पुलिस टीम में यह रहे शामिल

रामसीन थानाधिकारी तेजूसिंह के साथ हैडकांस्टेबल पुनमाराम, कांस्टेबल रामनिवास, नरपतसिंह टीम में शामिल थे।

# नियमों की अवहेलना करने पर की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** पालड़ी एम थाने के बाहर शनिवार को थानाधिकारी हुकमसिंह के नेतृत्व में अभियान के तहत यातायात नियमों की अवहेनलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान हैड कांस्टेबल किशनलाल, मोहनलाल, अनिल कुमार, राममोहन शीशपाल आदि का सहयोग रहा।








**आबूरोड।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अभियान के दौरान जनता में जागृति लाने के लिए शनिवार को पुलिस एवं परिवहन विभाग की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। मोटरसाइकिल पर रेली निकली जो चेक पोस्ट अंबाजी रोड आबू रोड से रवाना होकर आबू रोड सिटी मानपुर होते हुए तलेटी जाकर विसर्जन किया गया। उक्त रैली में उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा, तहसीलदार, शहर, रीको, सदर के थानाधिकारी एवं परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। इसी क्रम में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अल्पा चौधरी के निर्देश पर विशेष अभियान के तहत शनिवार को उपखंड अधिकारी शंकर लाल मीणा की अगुवाई में जागरूकता के लिए दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, जिला परिवहन अधिकारी दिलीप सोलंकी एवं थाना अधिकारी ने हरी झंडी देकर रवाना किया। रैली में सभी अधिकारी, कार्मिक, पुलिस प्रशासन के जवान ने हेलमेट पहन कर शामिल हुए। रैली का समापन एकलव्य आवासीय विद्यालय दानवाव मे किया गया। उपखंड अधिकारी ने सभी को जागरूक रहने की बात कही परिवहन निरीक्षक पारस गहलोत ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत करवाया। तहसीलदार मंगलाराम मीणा, थाना अधिकारी शहर बंसीलाल, थाना अधिकारी सदर राजीव भादू तथा थाना अधिकारी रीको सीताराम, जिला परिवहन अधिकारी दिलीप सोलंकी, परिवहन निरीक्षक पारस गहलोत, यातायात प्रभारी नरपतसिंह, कालिका पेट्रोलियम कमांडो सुगना सुलोचना, कमला आदी मौजूद थे।

## आवारा गोवंश की धरपकड़ शुरु



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शहर में आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पालिका की ओर से पशुओं की धरपकड़ शुरु कर दी है। पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने बताया कि शहर में आए दिन बेसहारा गोवंश से दुर्घटना धटित होने के साथ साथ शहर वासियों की शिकायत को लेकर अभियान शुरु किया है। गोवंश को पकडकर सुनिश्चित स्थान पर ले जाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया कर एक फर्म को यह कार्य सौंपा है। अध्यक्ष ने आमजन से अपील की इस कार्य में नगरपालिका का सहयोग करें। साथ ही बेसहारा गोवंश को सुनिश्चित स्थान पर रखा जा रहा है। जिसमें चारे पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें आमजन सहयोग करें। अधिशासी अधिकारी दिपीका दीपिका विरवाल ने बताया कि आबूरोड के आस-पास की गोशाला संचालकों को पत्र लिखा है। इस कार्य के लिए पिपुल फोर स्ट्रीट डागस एंड एनिमल फर्म को टेंडर दिया गया है। साथ ही शहर वासियों को सूचित किया गया है कि अपने पालतू पशुओं को शहर में खुले में नहीं छोड़े। यदि शहर में कोई पशु विचरण करते हुए पाया जाता है तो उसे पकड़ कर गौशाला में भिजवाया जाएगा। जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। स्वास्थ्य निरीक्षक जालमसिंह, सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक अशोक मीणा, एनजीओ प्रबंध नेनेश खंडेलवाल, कर्मचारी जय कुमार की देख रेख में कार्य किया जा रहा है

## स्वयंसेवकों को दी साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर में चौथे दिन रविवार को योग शिक्षक भीकसिंह भाटी ने योगाभ्यास करवाया। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोविंद चौधरी ने साइबर अपराध पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने डिजिटल दुनिया में बढ़ती धोखाधड़ी, साइबर अपराधों, और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। दोपहर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। एनएसएस समन्वयक प्रदीप कुमार, एनएसएस कार्यं म अधिकारी सियाराम चौधरी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर, डॉ. शिरीन रूही कुरेशी आदि का सहयोग रहा।

## फोरलेन पर सुरक्षा जाली लगाने की मांग, सड़क किनारे बैठे गोसेवक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** फोरलेन निर्माणकर्ता की ओर से ग्रामीण क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क किनारे सुरक्षा जाली नहीं लगवाने के कारण आए दिन पशु वाहनों की चपेट में आने से काल कवलित हो रहे है। शनिवार रात को भी सारणेश्वर फोरलेन पर दुर्घटना में एक गोवंश गंभीर घायल हो गया। रातभर गोवंश उपचार के लिए तड़पता रहा। सवेरे गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार मीणा, हार्दिक रावल, कल्पेश गोस्वामी ने क्रेन की सहायता से वाहन में रखवाकर पांजरा पोल गोशाला भेजा गया। 24 घंटे में तीन गोवंश दुर्घटनाग्रस्त हुए। रविवार को टोल कंपनी द्वारा एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई। इस संबंध में कई बार सांसद को अवगत कराया, लेकिन आज दिन तक समस्या समाधान नहीं हुआ है। रविवार को गोसेवक सड़क किनारे घायल नंदी के पास बैठकर नारेबाजी कर लोहे की सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की गई। छगनलाल, विक्रम, दिनेश कुमार, गणेश मीणा एवं रामलाल आदि मौजूद।

# जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा वर्धमान संस्कृति सेवाधाम मुंबई एवं आशा चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के सौजन्य से सर्दी से निजात पाने के लिए मोरस, घरट, कांटल कच्ची बस्ती, वरली, रानिधरा, आपरीखेड़ा, मालप, छात्रावास देवला, लवकुश छात्रावास पिण्डवाड़ा के जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को क्षेत्र के गणमान्य लोगों से चयनित कराकर कम्बल वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष धर्माराम गरासिया ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। जनजाति सुरक्षा मंच संयोजक धनाराम मीणा एवं प्रभुराम गरासिया ने बताया कि कड़ाके की सर्दी में असहायों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। जनजाति संपर्क प्रमुख महेश व्यास एवं तहसील अध्यक्ष लादुराम गरासिया ने बताया कि 400 बुजुर्ग वृद्ध व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद पिण्डवाड़ा के संगठन मंत्री अशोक कुमार सेन ने कार्यक्रम का संचालन कर भामाशाह का आभार



व्यक्त किया। वनवासी कल्याण परिषद से शिक्षा प्रमुख मगन प्रजापत, डॉ सुनील गरासिया, विद्या भारती से रमेश पटेल, घुमन्तु के जिला प्रभारी ईश्वरसिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हितेश कुमार,अरविंद गरासिया, विहिप के रंजीतसिंह डाबी, आदर्श विद्या मंदिर प्रधानाचार्य सुरेन्द्रसिंह, सोमाराम गरासिया, सुरेश कुमार प्रजापत, आश्रम प्रमुख श्रवणसिंह चौधरी, धनाराम गरासिया मौजूद थे।

**कालंद्री।** नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में भामाशाह चंपालाल जैन व भावेश जैन ने नए साल पर संस्था परिसर में लाभार्थियो को कम्बल वितरण किया गया। जैन ने बताया की नए साल में हमे नशे को त्याग करके उनको नया जीवन से बड़ा उपकार मिलता है। वही समाजसेवी भावेश जैन ने भी संस्था के व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए बताया की कालन्द्री में जो आईआरसी केंद्र में सुविधाएं मिल रही है वह सहारनीय



है। करनीदान चारण, प्रभाराम घांची, मोतीलाल रांगी, परमेश्वरलाल के साथ लाभार्थियों की उपस्थिति रही।

## मेघवाल समाज सात गांव सेवा समिति की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** मेघवाल समाज 7 गांव सेवा समिति की बैठक रविवार मोहब्बत नगर के रामदेव मंदिर अध्यक्ष लीलाराम मेहिया और प्रधान हंसमुख मेघवाल के सानिध्य में आयोजित की गई। जिसमें समाज हितों पर चर्चा की गई। बैठक में कालंद्री, मोहब्बत नगर, नवारा, गुडा बावली, चडुआल व फाचरिया के लोग सम्मिलित हुए। कालूराम चौहान, मंसाराम बामनिया, कोषाध्यक्ष लीलाराम राठौर, सचिव तलकाराम, अन्नाराम राठौर, तोलाराम फाचरिया, श्रवण कुमार, रमेश कुमार, छगनलाल, छगनलाल, लीलाराम बामनिया आदि मौजूद थे।

## बैठक में की किसान हितों पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** भारतीय किसान संघ की ओर से बांट एवं वासाडा में जिलाध्यक्ष मावाराम चौधरी के मार्गदर्शन एवं ग्राम समिति अध्यक्षों की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष चौधरी को अवगत करवाते हुए कहा कि किसानों को कृषी के लिए बिजली आपूर्ति दिन में ही देने के साथ ही निर्बाध रूप से दे। ढीले तारों को दुरुस्त करना। कृषि कुओं पर दिन दयाल उपाध्याय की तर्ज पर किसानों को घरेलू विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करवाएं जाएं। वासाडा के किसानों ने बताया कि गांव के किसानों के अल्पकालीन फसली ऋण ग्राम सेवा सहकारी समिति सोरडा से समिति की स्थापना से लेकर आज तक सहकारी समिति के मेम्बर है और किसानों की शेयर एवं हिस्सा राशी सोरडा सहकारी समिति में जमा थी। लेकिन किसानों को बिना सुचित किए ही वासाडा के किसानों की शेयर एवं हिस्सा राशी ग्राम सेवा सहकारी समिति जेतावाडा को भेजी गई है। इसके अलावा कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्राम समिति अध्यक्ष बांट अध्यक्ष लहरचंद पुरोहित, ग्राम अध्यक्ष वासाडा मोतीराम पुरोहित, संभाग सदस्य केहराराम पुरोहित, तहसील मंत्री दिनेश चौधरी, अमृतलाल पुरोहित, युवा प्रमुख अमृतलाल पुरोहित, जैविक प्रमुख वगताराम चौधरी, मंत्री शांतिलाल पुरोहित, विहाराम, वालाराम चौधरी, नानचंद कोली, मोहनलाल, भुताराम पुरोहित, प्रकाश चौधरी, हकमाराम पुरोहित, प्रताप भाई पुरोहित, तहसील उपाध्यक्ष मुलाराम पुरोहित, अजाराम, गणेशाराम, रतनाराम चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रतिभाओं को उभारने का काम करती है प्रतियोगिताएं : धीर

***चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के साथ विश्वकर्मा जयंती महोत्सव का आगाज***

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** रॉय कॉलोनी स्थित ऋषि अंगिरा सभागार में जांगिड़ पंचायत के सानिध्य में जांगिड़ जागृति मंच व जांगिड़ महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सृष्टि के सृजनकर्ता आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के जयंती महोत्सव का भव्य आगाज चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के साथ हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में समाज के बालक बालिकाओं व मातृशक्ति ने उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया। जांगिड़ जागृति मंच के अध्यक्ष लव जांगिड़ ने बताया कि 10 फरवरी को भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जयंती से पूर्व समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। दोनों प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जांगिड़ पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। धीर ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभागियों की प्रतिभा में न सिर्फ निखार आता है बल्कि उन्हें अपनी कला और कौशल को प्रदर्शित करने का उचित मंच मिलता है। वरिष्ट उपाध्यक्ष मदनलाल धीर ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों में न सिर्फ कलात्मक कौशल बढ़ता है। बल्कि उन्हें टीमवर्क की भावना भी उत्पन्न होती है। जांगिड़ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मगी देवी ने कहा कि प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास में वृद्धि करने के साथ हमारी संस्कृति को भी सहजने का काम करती है।



उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में और अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान जांगिड़ पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर, वरिष्ट उपाध्यक्ष मदन लाल धीर, सचिव राजेंद्र बरड़वा, कोषाध्यक्ष किशनलाल धीर, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मगी देवी, सचिव दमयंती देवी, ऊषा जांगिड़, छात्रावास अध्यक्ष अरविंद जांगिड़ सहित समाज के पदाधिकारी व गणमान्य बंधु मौजूद रहे। रंगोली प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के अनुरूप विषय चुनकर सुंदर सुंदर रंगोलिया बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। महोत्सव के तहत 12 जनवरी को मेहंदी, म्यूजिकल चेयर, पारंपरिक वेशभूषा व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जयंती समारोह के मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मावल गेराज से चोरी हुई बाइक बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया है। रीको थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि दो जनवरी को मावल निवासी सोनाराम पुत्र बाबूलाल भील ने रिपोर्ट देकरब बताया कि गत 28 दिसंबर वह उसकी बाइक मावल में भरतसिंह के गैरेज पर छोडकर गया था। गैरेज पर गया तो भरतसिंह ने कहा कि तुम्हारी मोटरसाइकिल कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक किए। जिसके चलते दोयतरा हाल नारायणसिंह के कुंए के पास वाडा निवासी रणाराम पुत्र बाबूराम अंगारी गमेती भील को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की।

## निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** ग्राम पंचायत अरठवाडा एवं तारा संस्थान उदयपुर के तत्वावधान में सोमवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सरपंच मुकेश कुमार राणा ने बताया कि शिविर में आने मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को संस्थान के वाहन द्वारा उदयपुर ले जाऐंगे। वहां सभी सुविधाएं निशुल्क होगी। सचिन भाटिया आई हॉस्पिटल तारा संस्थान उदयपुर के प्रशिक्षित चिकित्सा टीम द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

# रामचरित मानस पाठ का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में रविवार को रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। काशी विश्वनाथ गोशाला परिसर में लालदास महाराज एवं श्याम सुंदर की निश्रा में राम चरित मानस पाठ का समापन हुआ। समापन के दौरान पंडित शंभू कुमार झा द्वारा विधि विधान से लघु यज्ञ किया गया। अर्जुनसिंह सोलंकी, मुकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, लक्ष्मणसिंह गुजराल, धनदास वैष्णव अभिनव जैन एवं नरेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

CMYK



# सभी मेट्रो के काम पूरा होने का नया टाइमटेबल जल्द तैयार करें : सीएम



**फडणवीस ने की प्रत्येक मेट्रो मार्ग की समीक्षा**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एमएमआरडीए क्षेत्र में सभी मेट्रो परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की नई समय-सारणी तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। अगले वर्ष से हर साल कम से कम 50 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी, ऐसा योजना बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की समीक्षा बैठक सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान फडणवीस ने कहा कि कई स्थानों पर कारशेड के बिना मेट्रो शुरू हो रही हैं। इसलिए मेट्रो शुरू करने के लिए कारशेड का इंतजार न करें।

### सभी संभावित मेट्रो प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

▪ विश्व में ऐसे प्रयोग हो रहे हैं, उनका अध्ययन करें। उनके लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है, इसका भी आकलन करें। भविष्य के सभी संभावित मेट्रो प्रोजेक्ट्स की समीक्षा कर, उनके लिए कारशेड हेतु भूमि अभी से आरक्षित करें। अगले वर्ष से हर साल 50 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी, इसका नियोजन करें। इस वर्ष कम से कम 23 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी और मेट्रो-3 के कारण इसमें और 20 से 25 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इंदू मिल में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का स्मारक दिसंबर 2025 के अंत तक पूरा करें। साथ ही हिंदूहृदयसम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे स्मारक का पहला चरण पूरा हो चुका है। इन दोनों परियोजनाओं की वार्षिक देखभाल के लिए अभी से योजना बनाएं।

## राज्य में जगह-जगह इनोवेशन हब विकसित करें

▪ मुंबई। राज्य के युवाओं में कौशल विकास करते हुए नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जगह-जगह इनोवेशन हब विकसित करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग की आगामी 100 दिनों की योजना के संदर्भ में मुख्यमंत्री फडणवीस ने समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि विभाग के माध्यम से अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत एक लाख दस हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। स्टार्टअप सहायता योजना के माध्यम से महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विभाग की योजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि प्रदान की जाएगी। कुशल महाराष्ट्र और रोजगारयुक्त महाराष्ट्र तैयार किया जाएगा, यह बात फडणवीस ने इस दौरान कही।

## साइबर सुरक्षा प्रोजेक्ट को पूरी क्षमता से कार्यान्वित करें

▪ मुंबई। महाराष्ट्र सायबर सुरक्षा प्रोजेक्ट शुरू कर दिया गया है, और इसका पूर्ण क्षमता से क्रियान्वयन करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में गृह विभाग की आगामी 100 दिनों की कार्य योजना के संदर्भ में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सायबर सुरक्षा प्रोजेक्ट के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शासन, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मादक पदार्थ विरोधी टास्क फोर्स के लिए नए पद सृजित किए जाएं। नक्सल विरोधी गतिविधियों में तेजी लाने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों में नई सशस्त्र चौकियां स्थापित करने का कार्य किया जाए। इसके साथ ही केंद्र सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र कारागार नियमावली का मसौदा तैयार किया जाए। न्याय सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का कंप्यूटरीकरण प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में मुंबई, पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, और नासिक की प्रयोगशालाओं का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है और प्रादेशिक न्याय सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला में डाटा सेंटर स्थापित किया गया है।

**गृह विभाग के कार्यों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा**

# 18 छात्रों को फूड प्वॉयजनिंग

- रायगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती
- जालना से पिकनिक मनाने आए थे 150 स्टूडेंट्स

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा है। यहां करीब 150 छात्र-छात्राएं पिकनिक मनाने के लिए 400 किलोमीटर दूर जालना जिले से आए थे। इन 150 स्टूडेंट में से करीब 18 की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डाक्टर्स का कहना है कि ये सभी छात्र फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं। जालना जिले के न्यू हाई स्कूल के स्टूडेंट्स नए



साल के मौके पर स्कूल की तरफ से आयोजित पिकनिक मनाने आए थे। इसी बीच 18 छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें पोलादपूर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती किया गया।

### उल्टी, कपकपी और घबराहट की शिकायत

स्कूल टीचर प्रकाश बंसीधर के अनुसार, "महाबलेश्वर में छात्रों ने तली हुई चीजें और कुछ ग्रामीण ठंडे पेय का सेवन किया था। इससे कुछ छात्रों की तबीयत खराब हो गई। साथ ही, ठंडी हवाओं के कारण बस की खिड़कियां बंद रखने से कुछ छात्रों को सांस लेने में तकलीफ हुई और वे घबराने लगे थे। कुछ को उल्टी, शरीर में कंपकंपी, जुलाब और तेज सरदर्द की शिकायत भी आई।" इस घटना की सूचना मिलते ही पोलादपूर के पुलिस निरीक्षक अनिल जाधव, उपविभागीय पुलिस अधिकारी शंकर काळे, और तहसीलदार तुरंत अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### सभी बच्चों की हालत स्थिर

महाड ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ। शान्तनु डोईफोडे की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम छात्रों का इलाज कर रही है। वर्तमान में अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सभी छात्रों की हालत स्थिर है। फूड पॉइजनिंग से प्रभावित छात्रों में विशाल शेळके, पायल परिहार, संकेत घुले, प्रथमेश लाहोरकर समेत कुल 18 बच्चे शामिल हैं। राहत की बात यह है कि इस समय सभी छात्रों की हालत स्थिर है।

# मुंबई की फेमस डबल डेकर ट्रेन रिटायर

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की मुंबई में आखिरी गैर-एसी डबल-डेकर कोच ट्रेन दो दशकों से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गई है। इस ट्रेन की सेवा को पश्चिम रेलवे ने शनिवार (4 दिसंबर) से बंद कर दिया। इसी के साथ भारतीय रेलवे में डबल-डेकर कोच ट्रेनों का एक युग समाप्त हो गया है। पश्चिम रेलवे के अनुसार, 4 जनवरी तक अपने नियमित समय के अनुसार इस ट्रेन ने सेवा देते हुए अपनी यात्रा समाप्त की। पश्चिम रेलवे के मुताबिक, 5 जनवरी से वहीं ट्रेन 22 कोचों के पारंपरिक आईसीएफ रेक के साथ चलेगी, जो अभी तक कही और चल रही है। एक आईसीएफ ट्रेन पुरानी गैर-एसी डबल-डेकर ट्रेन की जगह लेगी। मुंबई सेंट्रल स्टेशन से शनिवार को आखिरी बार डबल-डेकर कोचों के साथ चलने वाली इस ट्रेन के रिटायरमेंट के दिन तमाम रेलवे कर्मचारी भी मौजूद रहे और इस ट्रेन को अंतिम विदाई दी गई।

## महाराष्ट्र में बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू

**मुंबई।** बांग्लादेशियों के मुद्दे पर बीजेपी को मुसलमानों का खूब साथ मिल रहा है। मुस्लिम बहुल इलाकों में बीजेपी ने सदस्यता अभियान शुरू किया है, जहां उसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। मुस्लिम कह रहे हैं कि हम मोदी के साथ हैं। अवैध बांग्लादेशियों को भगाया जाए। हम भी सरकार का साथ देंगे। उनका कहना है कि बीजेपी मंदिर मस्जिद की राजनीति नहीं करती, कुछ असामाजिक तत्व हैं, जो यह सब कर रहे हैं।

# सैफी बिजनेस एक्स्पो का पुणे में उद्घाटन



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे/मुंबई।** दाऊदी बोहरा समाज की ओर से आयोजित सैफी बुरहानी बिजनेस एक्सपो 2025 का पुणे के डेक्कन कॉलेज ग्राऊंड पर शनिवार चार जनवरी को शानदार उद्घाटन संपन्न हुआ। दाऊदी बोहरा समाज के परमपूज्य सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के शेहजादा हुसैन बुहानुद्दीन के हाथों संपन्न हुए इस उद्घाटन समारोह में किर्लोस्कर न्यूमेटिक्स के चेयरमैन राहुल किर्लोस्कर, आयकर आयुक्त डा. नितिन वाघमोडे, पुणे व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष फत्तेचंद रांका, भाजपा व्यापारी आघाडी के प्रमुख उमेश शाह समेत बड़ी संख्या में दाऊदी बोहरा समाज के उद्योगपति-व्यावसायिक और नागरिक उपस्थित थे। विभिन्न प्रकार के उद्योग-व्यवसायों के लोगों को एक-दूसरे के साथ कनेक्ट करने के उद्देश्य से इस बिजनेस एक्स्पो का आयोजन किया गया है। उद्घाटन सत्र से पहले पुणे के दाऊदी बोहरा समाज की ओर से फत्तेचंद रांका और उमेश शाह का सम्मान किया गया।

### अतिथियों ने किया एक्स्पो का मुआयना

उद्घाटन सत्र के बाद उपस्थित सभी अतिथियों ने एक्स्पो का मुआयना किया और विभिन्न स्टॉल्स को भेंट कर जानकारी प्राप्त की। सोमवार छह जनवरी तक चलने वाले इस बिजनेस एक्स्पो में पुणे और महाराष्ट्र समेत देशभर के विभिन्न राज्यों और विदेश से आए उद्योगपति और व्यावसायिकों ने अपने स्टॉल्स लगाए हैं। जिसमें एमएसएमईज, स्टार्टअप्स, वुमेन आंत्रप्रेन्योर, रिटेलर्स, रियल इस्टेट डेवलपर्स, सर्विस प्रोवाइडर, एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट्स, हेल्थकेयर और वेलनेस प्रोफेशनल्स के करीब 170 स्टॉल्स है। पहले ही दिन बोहरा समाज के नागरिकों समेत आम पुणेकरों ने एक्स्पो को भेंट करना शुरू दिया। लोग यहां आकर विभिन्न स्टॉल्स को भेंट करते दिखाई दिए। यहां आने वाले आम लोग यहां से विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ फर्निचर, हार्डवेयर, गृह सजावट की वस्तूओं की खरीदारी करते हुए दिखाई दिए।

### समाज की उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

यह एक्स्पो विभिन्न उद्योग और व्यवसाय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह रिटेलर्स के लिए स्वर्णीम अवसर है। पुणे व्यापारी महासंघ की ओर से एक्स्पो को पूरा सहयोग दिया गया है। उमेश शहा ने कहा कि, सैफी बुरहानी एक्स्पो दाऊदी बोहरा समाज की एक अनोखी व्यावसायिक पहल है। ज्यादा से ज्यादा पुणेकर इस एक्स्पो को भेंट करें, ऐसा आवाहन उन्होंने किया। इस एक्सपो से लोगों को ज्यादा जानकारी मिलेगी।

## सीएम ने किया एनएसएच अस्पताल का उद्घाटन



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर में भांगड़िया फाउंडेशन द्वारा स्थापित एनएसएच क्रिटिकल केयर मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। गंगाबाई घाट चौक क्षेत्र में आयोजित उद्घाटन समारोह में विधायक कृष्णा खोपड़े, कृपाल तुमाने, कीर्तिकुमार भांगड़िया, पूर्व सांसद डा. विकास महात्मे, एनएसएच क्रिटिकल केयर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के अध्यक्ष मितेश भांगड़िया, तथा चिकित्सा विशेषज्ञों में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. वैभव बियानी, बाल रोग न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. उमेश बियानी, रेडियोलॉजिस्ट डा. नेहा बियानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. निकिता बियानी के साथ विनय बियानी और श्रीकांत भांगड़िया उपस्थित थे।मुख्यमंत्री फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उचित उपचार प्रदान करेगा। उन्होंने एनएसएच के अध्यक्ष और सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया और विशेषज्ञों से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का भी दौरा किया।

## मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**पांच पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नालासोपारा इलाके से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 5 पुरुष, 4 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अविनाश कालदाते ने बताया कि यह कार्रवाई 10 दिसंबर को भीम नगर जंक्शन से शुरू हुई। पुलिस ने उस दिन एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद अली अहमद मियां शेख को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि नालासोपारा इलाके में और भी बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान "तैबूर अजगर शेख, आलम अजगर शेख, मिजानू सलाम शेख, अब्दुल सिराज शेख, मुराद मिजानूर शेख, रत्ना तैबुर शेख, अमीना मुराद शेख, सबीना अब्दुला शेख के रूप में हुई।

### पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश बॉर्डर से हुए दाखिल

▪ जांच में सामने आया है कि ये सभी लोग पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश बॉर्डर से अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए। इसके बाद ये अलग-अलग ट्रेनों से मुंबई पहुंचे और यहां मजदूरी का काम करने लगे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इन लोगों ने भारत में कोई फर्जी दस्तावेज तो नहीं बनवाए हैं। मुंबई पुलिस समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई करती रहती है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अगर आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से रह रहा हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि देश की सुरक्षा में अपना योगदान दें। देश की सुरक्षा को बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य है।

## नागपुर में जिप्सी चालकों पर कार्रवाई

**नागपुर।** नागपुर के उमरेड पावनी करहांडला अभ्यारण्य में एक बाघिन और उसके 5 शावकों को आगे पीछे से जिप्सी से घेरने का मामला ने तूल पकड़ लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने चार जिप्सी ड्राइवर और चार गाइड को किया एक सप्ताह के लिए निलंबित और उन पर जुर्माना लगाया है। जिप्सी चालक को 2500 रुपए और गाइडो को 450 प्रति व्यक्ति जुर्माना लगाया गया है। वीडियों मे साफ दिख रहा है कि एक बाघिन और 5 शावकों को कैसे घेरा जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक बाघिन सबसे पहले झाड़ियां से बाहर निकलती है।



## मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

▪ **मुंबई।** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना के क्रियान्वयन के प्रत्येक चरण की समीक्षा प्रस्तुत करने वाली पुस्तक "द इनसाइड स्टोरी ऑफ मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना" का विमोचन मुख्यमंत्री फडणवीस ने शनिवार को करकमलों से किया। यह पुस्तक महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव डा. अनूप कुमार यादव ने लिखी है।

# बर्ड फ्लू से तीन बाघ और एक तेंदुए की मौत

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में तीन बाघ और एक तेंदुए की H5N1 वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई है। ये मौतें दिसंबर महीने में हुई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने पूरे महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी किया गया। इन जानवरों को दिसंबर में चंद्रपुर से गोरेवाड़ा ट्रांसफर किया गया था, जहां वे बर्ड फ्लू से संक्रमित पाए गए थे। बताया जा रहा है कि एक बाघ की मौत 20 दिसंबर को हुई थी, जबकि दो अन्य की मौत 23 दिसंबर को हुई। उनकी मौतों के बाद उनके सैंपल्स आईसीएआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज को भेजा गया था, जहां सैंपल्स की जांच की गई जो कि H5N1 के लिए पॉजिटिव पाए गए।





### जांच में हेल्दी पाए गए 26 तेंदुए-12 बाघ

तीन बाघों और तेंदुए के सैंपल की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सेंटर में मौजूद अन्य 26 तेंदुए और 12 बाघों की भी जांच की गई, लेकिन वे स्वस्थ्य पाए गए। हालांकि, जानकार बताते हैं कि इन जानवरों में बर्ड फ्लू की शिकायत संक्रमित या रॉ मांस खाने की वजह से होती है।

### वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे अधिकारी

लैब सैंपल की जांच रिपोर्ट 1 जनवरी को सामने आई, जिससे पता चला कि जानवरों की मौत H5N1 वायरस से हुई थी। इसके बाद सभी रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर को अलर्ट जारी किया गया। फिलहाल अधिकारी इन जानवरों में पाए गए वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे हैं।

# अणुव्रत संदेश लेकर राजभवन पहुंचीं साध्वी मंगलप्रज्ञा

- राज्यपाल की उपस्थिति में विशेष संगोष्ठी आयोजित
- राज्यपाल ने किया साध्वी का अभिवादन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की प्रबुद्ध शिष्या प्रोफेसर साध्वीश्री मंगलप्रज्ञा जी के नेतृत्व में जैन तेरापंथ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र राजभवन के प्रांगण में पहुंचा। जहां पर राजभवन के कान्फ्रेंसहॉल में माननीय राज्यपाल महोदय श्री सी. पी. राधाकृष्णन् की गरिमामयी उपस्थिति में अणुव्रत के संदर्भ में एक विशेष संगोष्ठी आयोजित हुई। प्रबुद्धजनों के मध्य लगभग एक घण्टे यह विशिष्ट कार्यक्रम हुआ दक्षिण भारतीय सामान्य वेशभूषा में एक असाधारण व्यक्तित्व के धनी एवं विशिष्ट प्रतिभासम्पन्न, शालीन एवं विनम्र महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सी. पी. राधाकृष्णन् साहब का राजभवन के कान्फ्रेन्स हॉल में राजकीय पारम्परिक व्यवस्था के अनुसार आगमन हुआ। राज्यपाल महोदय ने ज्योंहि साध्वीवृन्द को देखा अपने चप्पल खोलकर साध्वी श्री मंगलप्रभा जी के निकट आकर मस्तक झुकाकर उनका अभिवादन किया। भारतीय सन्त परम्परा के प्रति राज्यपाल महोदय का आदर सम्मान उल्लेखनीय था। कार्यक्रम के अन्त में जब साध्वीश्री जी ने मंगलपाठ का श्रावण करवाया तब वे थोड़ी देर झुककर करबद्ध होकर खड़े रहे, यह दृश्य भी जैन संतों के प्रति उनकी आदर भावना का संसूचक था कार्यक्रम का प्रारम्भ नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। अणुविभा संस्था परिचय महामंत्री श्री मनोज सिंघवी ने किया एवं स्वागत मुम्बई सभा अध्यक्ष श्री माणक धींग ने किया। प्रारम्भ में राज्यपाल महोदय का संक्षिप्त-सा स्वागत, समाज के विशिष्ट व्यक्तियों ने किया। श्री किशनलाल डागलिया पूर्व अध्यक्ष महासभा, श्री विनोद कोठारी उपाध्यक्ष अणुविभा, श्री कुन्दनमल धाकड अध्यक्ष आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउण्डेशन, श्री गणपतलाल डागलिया कार्याध्यक्ष, श्री नीतेश धाकड उपाध्यक्ष सभा दक्षिण मुंबई आदि ने साहित्य, शाल्यार्पण आदि से राज्यपाल महोदय का सम्मान किया। इस स्वागत कार्यक्रम का संचालन अणुविभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री राजकुमार चपलोत ने किया। स्वागत के पश्चात साध्वी राजुलप्रभा जी ने मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए साध्वी प्रो. मंगल प्रज्ञाजी का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए साध्वी श्री मंगलप्रज्ञा जी ने अपने वक्तव्य में गुरुदेव श्री तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आन्दोलन की अवगति देते हुए प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र बाबू, डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली आदि अनेक राजनेताओं के अणुव्रत से संबन्धों को रेखांकित करते हुए गुरुदेव श्री तुलसी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी एवं पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे अब्दुल कलाम द्वारा साथ में लिखित ''फेमिली एवं नेशन'' पुस्तक की जानकारी दी। वर्तमान अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी के द्वारा कृत अहिंसा यात्रा तथा अणुव्रत के कार्य की अवगति दी। गुरुदेव के दिशा निर्देशन में संचालित अणुव्रत डिजिटल डिटॉक्स एलिवेट आदि आयामों की अवगति विस्तार से दी। संतचर्चा की विशद् जानकारी साध्वीश्री जी द्वारा प्राप्त कर राज्यपाल महोदय अत्यधिक प्रसन्न हुए। दत्तचित्त वे साध्वी श्री जी को सुन रहे थे। साध्वी चैतन्य प्रभा जी ने एलिवेट कार्यक्रम की एवं साध्वी शौर्यप्रभा जी ने डिजिटल डिटॉक्स की जानकारी कार्यक्रम में दी राज्यपाल महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा- आप लोग मानवता के लिए खूब अच्छा कार्य कर रहे हों। इसकी मुझे प्रसन्नता है। जैन कम्यूनिटी शान्तिप्रिय है। अपने द्वारा किसी को दुखी नहीं करना, यह इस कम्यूनिटी की विशेषता है। राज्यपाल महोदय ने कहा - सामान्यतः लोग सोचते हैं- जैन धर्म नॉर्थ इण्डिया में ही है।

# मिट्टी से भरे डंपरों ने किया परेशान

**कई जगह रोक के बावजूद कंस्ट्रक्शन**

**मुंबई।** मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण से आम लोग परेशान हैं। मिट्टी और मलवे से भरे ट्रक और डंपर की वजह से काफी धूल उड़ते हैं, जिसकी वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदूषण को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार कड़े कदम उठा रही है। सवाल है कि कंस्ट्रक्शन काम में लगे ठेकेदार या कंपनियां क्या नियम कानूनों का ठीक से पालन कर रहे हैं? कुछ दिनों पहले मुंबई से सटे मीरा भयंदर इलाके में मजबूरन लोग सड़क पर उतर पड़े। विरोध प्रदर्शन करते लोगों ने मिट्टी और मलवे से भरे सैकड़ों ट्रकों को सड़क पर रोक दिया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने कहा कि लोग बीमार हो रहे हैं और बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। यहां पर कुछ ऐसे लोग मिले जिनका दावा था कि वह महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनायक के ऑफिस से आए हुए हैं। उन्हें भी ये पता करने के लिए भेजा गया है।

## सीजीएसटी भिवंडी कमिश्नरेट ने किए दो आरोपी गिरफ्तार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** केन्द्रीय माल एवं सेवा कर, भिवंडी आयुक्तालय, मुंबई जोन के अधिकारियों ने मैसर्स रांचल इंडस्ट्रीज, वाडा, भिवंडी के विरुद्ध धोखाधड़ी वाले आईटीसी के घोटाले का पर्दाफाश किया है। करदाता ने बिना माल की किसी आवक के फर्जी और गैर-मौजूद आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जारी बिलों के आधार पर 15.04 करोड़ रुपए की अनियमित/अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। फर्म के पार्टनर दीपक कुमार और कंपनी के ऑपरेटर सनी डांग ने सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 70 के तहत दर्ज अपने बयानों में अवैध आईटीसी का लाभ उठाने की बात स्वीकार की है। इस प्रकार, दीपक कुमार और सनी डांग को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132 में निर्दिष्ट अपराध करने के लिए गिरफ्तार किया गया और सीएमएम कोर्ट, एस्प्लेंडे, मुंबई द्वारा 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

CMYK

## न्यूज ब्रीफ

### शाकंभरी माता के प्राकट्य महोत्सव को लेकर महिलाएं लगा रही है चुनरी के बुटियां



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** कस्बे में शाकंभरी माता की प्रकृति दिवस पर निकलने वाली 17 किलोमीटर चुनरी पैदल यात्रा को लेकर कस्बे में जगह-जगह महिलाएं गीत गाते हुए मां शाकंभरी का गुणगान कर चुनरी के बूटियां लगा रही हैं। घूमचक्कर स्थित हरिप्रसाद शर्मा कोछोर वाले के आवास पर महिलाओं ने माता शाकंभरी के भजन व गीत गाते हुए चुनरी में बुटियां लगाई। इस दौरान ममता शर्मा, दीपिका शर्मा, वंदना शर्मा, सरला कुमावत, संतोष स्वामी, सुमित्रा कुमावत, कमला कुमावत सहित महिलाएं मौजूद थी।

### दिल्ली-एनसीआर में सुधरी एयर क्वालिटी, हटाई गई ग्रैप-3 की पाबंदियां

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। इस कारण ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा ली गई है। इस कारण दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में संशोधित ग्रैप के चरण-1 और 2 के तहत नियम लागू रहेंगे। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया है। रविवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम 4 बजे 339 और शाम 5 बजे 335 रहा। सीएक्यूएम के मुताबिक इसमें और कमी आएगी। बता दें, बीते महीने राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में बारिश होने के बाद हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

### ड्राइविंग सीख रहे युवक ने पांच लोगों को कुचला

**कैथल।** हरियाणा के कैथल में चीका अनाज मंडी में बात कर रहे पांच युवकों को कार चलाना सीख रहे युवक ने टक्कर मार दी। पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। कार की टक्कर के बाद 3 युवक वहीं गिर गए, जबकि 2 को वह घसीटते हुए ले गया। पूरी घटना 5 सेकेंड के अंदर हुई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार दोनों लोगों को पकड़ लिया। इसके बाद घायलों को चीका के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें 2 युवकों को ज्यादा चोट आई हैं। पांचों युवक अनाज मंडी में मुनीम का काम करते हैं। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### जगन्नाथ मंदिर के ऊपर उड़ता नजर आया ड्रोन

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के ऊपर करीब 30 मिनट तक ड्रोन उड़ता नजर आया। इसके बाद से मंदिर की सिक्योरिटी को लेकर अधिकारियों में चिंता है। मंदिर वाले इलाका नो-फ्लाईंग जोन घोषित है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 4 बजकर 10 मिनट के करीब ड्रोन को मंदिर के ऊपर उड़ता देखा गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है। सुरक्षा भंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुरी एसपी ने टीमें गठित कर घटना की जांच शुरू कर दी है। हरिचंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए मंदिर कैंपस के चारों ओर मौजूद वॉच टावरों पर 24/7 पुलिस कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आशंका है कि किसी व्लॉगर ने मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ाया होगा।

### लाओस मानव तस्करी केस, आरोपी के घर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** लाओस मानव तस्करी और साइबर स्लेवरी नेटवर्क की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिण दिल्ली के जामिया नगर में हाल ही में गिरफ्तार किए गए आरोपी के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल डिवाइस (मोबाइल फोन या टैबलेट) और कई बैंकों के डेबिट कार्ड, पासबुक और चेकबुक समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। यह मामला कामरान हैदर से जुड़ा है, जो कमजोर भारतीय युवाओं को लाओस पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस पीडीआर) के गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र में भेजने में लगे हुए थे। मानव तस्करी और साइबर स्लेवरी रैकेट के पीड़ितों को यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर लाओस में साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया गया था।

### चूरू हॉकी टीम ने अंतिम आठ में प्रवेश किया

**चूरू।** 15वीं राजस्थान राज्य सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता जो की हनुमानगढ़ में आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता में हॉकी चूरू की टीम ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम आठ में प्रवेश किया है एवं सेमीफाइनल हेतु मुकाबला हॉकी जयपुर से होगा।

### पृष्ठ 1 का शेष....पीएम मोदी बोले....

क्योंकि लंबा-लंबा जाम रहता है। इससे आम नागरिक तो परेशान होते ही हैं, जो लाखों कारोबारी हैं, वह साथी भी आपदा से तंग आ चुके हैं। आपदा वाले केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाते हैं कि केंद्र पैसा नहीं देती, लेकिन इनके झूठ का उदाहरण शीश महल है। आपको जानकर ये पीड़ा होगी, पूरे देश के लोग चौंक जाएंगे, जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, जब लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे, तो इनका पूरा फोकस अपना शीशमहल बनवाने पर था। इन्होंने शीशमहल का भारी भरकम बजट बनाया और आज एक अखबार ने खुलासा किया कि कैसे इस शीशमहल पर उस बजट से भी तीन गुना ज्यादा पैसे खर्च किए गए। यही इनकी सच्चाई है। इन्हें दिल्ली के विकास की चिंता नहीं है, इसलिए आज हर दिल्ली वाला कह रहा है 'आपदा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे'।

### सीएम भजनलाल शर्मा करेंगे...

जिसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि-स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हो रही है।

**प्रदेश को निवेश अनुकूल बनाने के लिए हुए बड़े बदलाव-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश के कारोबारी एवं व्यापारिक माहौल को निवेशकों के अनुरूप बनाने के लिए बड़े बदलाव किए हैं। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना, नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भू-खण्ड आवंटन किए गए हैं। साथ ही, निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 एवं अन्य 9 नई नीतियां भी जारी की गई हैं। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए निवेश एमओयू को जमीन पर उतारने की प्रगति रिपोर्ट दिसंबर 2025 में प्रदेशवासियों के सामने प्रस्तुत की जाएगी।

---

**झुंझुनूं में शेखावाटी के पहले इस्कॉन मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर**

# दस करोड़ की लागत से तीन साल में बनकर तैयार होगा इस्कॉन मंदिर



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** दुनिया के 120 देशों में 800 से अधिक मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित होने के बाद अब इस्कॉन मंदिर व सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य शेखावाटी के झुंझुनूं में तिवारी की बगीची, फौज का मौहल्ला, मोदियों की जॉव में प्रगति पर है। रविवार को श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था की ओर से मंदिर के समीप जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण के पश्चात अनिल केड़िया, पवन अग्रवाल गुढावाला, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी श्रवण केजडीवाल, परमेश्वर हलवाई, डॉ डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया सहित अन्य जन में अनिल केड़िया, पवन अग्रवाल गुढावाला एवं राधेश्याम मोरवाल ने निर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर का अवलोकन किया। इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास, नवीन कांति दास एवं मधुसूदन दास ने बताया कि इस्कॉन के पूरे विश्व में खूबसूरत मंदिर है। लाखों—करोड़ों भक्त आते है। शेखावाटी की पावन धरा पर इस्कॉन मंदिर की स्थापना यहां के आध्यात्म व सनातन संस्कृति को नई दिशा देगा। उन्होने बताया कि झुंझुनूं में शेखावाटी का पहला इस्कॉन मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र श्री श्री राधा मदन गोपाल गौर हरि मन्दिर तीन साल में करीब दस करोड़ रूपए की लागत से स्थापित होगा। इसके निर्माण में काफी दानदाता आगे आ रहे है। यहां पर ईस्कान के भक्तो द्वारा वैदिक साहित्य का प्रचार प्रसार और वितरण होगा। भोजन—प्रसाद, सत्संग, प्रवचन, गीता पाठ और बच्चों के लिए सांस्कृतिक केंद्र होगा। सांस्कृतिक केंद्र में बच्चों को सनातन संस्कृति के करीब लाया जाएगा। मोबाइल और पाश्चात्य संस्कृति से दूरी बनाते हुए उन्हें हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति से रूबरू करवाया जाएगा। विदित है कि इस मंदिर का भूमि पूजन 10 मई 2024 को किया गया था। आज के दिवस में मन्दिर का प्रथम तल की स्लैब का कार्य चल रहा है इस्कॉन मंदिर की ओर से सभी उपस्थित जन को गीता की किताब भेंट की गई एवं नित्य सेवा निस्वार्थ सेवा फॉर्म भेंट किया गया। इस्कॉन मंदिर के हरि भक्त राधा मदन मोहन दास एवं नवीन कांति दास ने बताया कि मुट्ठी भर चावल के बदले श्री कृष्ण ने बिना आग्रह ही सुदामा को धन वैभव से परिपूर्ण कर दिया था। अब यह अवसर झुंझुनूं के हरि भक्त भी पा सकते हैं, इसके लिए मंदिर निर्माण में मासिक दान देकर सुदामा सेवक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रथम चरण का कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है द्वितीय चरण निर्माणाधीन है जिसके लिए सभी उदारमना दानदाता भामाशाहों से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि नित्य सेवा हर व्यक्ति के लिए निस्वार्थ दान कार्यक्रम है, जो इस्कॉन झुंझुनूं से जुड़े हैं या जुड़ने के इच्छुक है। सभी दान राशि का उपयोग श्री श्री राधा मदनगोपाल गौर हरि भोग, वैष्णव सेवा, प्रसाद वितरण, प्रचार कार्यक्रम, उत्सव आयोजन, मंदिर की देखभाल एवं मंदिर निर्माण के उपयोग में किया जाएगा।

---

# 'राष्ट्रहित में समर्पित भाव से काम कर रही केन्द्र सरकार'

### केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं, समाधान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को अजमेर के किशनगढ़ स्थित अपने निवास एवं कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। संसदीय क्षेत्र अजमेर और विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ के विभिन्न भागों से आए आमजन एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं और सुझावों को व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां के नागरिकों का विश्वास एवं सहयोग क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पित करता है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता अडिग है। नागरिकों की सहभागिता और समर्थन से क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का उनका संकल्प और भी मजबूत हुआ है।

**आमजन के विकास की दिशा में हो रहा है काम :** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने जनसुनवाई में उपस्थित आमजन एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की डबल इंजन सरकार आमजन के कल्याण और समग्र विकास के लिए बेहतरीन कार्य कर रही हैं। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों और कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं ने देश के किसानों की आय में वृद्धि की है। पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और सिंचाई परियोजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया है। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं को मजबूत किया है। डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश की जनता के हित में समर्पित होकर काम कर रही है।

---

# शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला,उमड़ा जनसैलाब



**झुंझुनूं।** आबूसर में ग्रामीण हाट बाजार में रविवार को शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले में भारी भीड़ उमड़ी देखने को मिला। मेले में बच्चे, महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेला स्थल पर 250 से अधिक स्टॉलें लगी है। इनमें ना केवल स्थानीय हस्तशिल्पियों द्वारा बनाए गए उत्पाद, बल्कि पूरे देश के कोने—कोने से आए कारीगरों ने अपनी अपनी स्टॉलें लगाई है। वहीं झूले भी आकर्षण का केंद्र है गर्म कपड़ो की स्टाल, क्रोकरी का सामान, लकड़ी की नक्काशी का सामन, बेहतरीन गलीचे, नींबू-मीर्च का आचार, खाने के लिए आईसक्रीम, बर्गर पिज़्ज़ा टिकिया पाव भाजी भेलपुरी स्वीट कॉर्न तरह-तरह की स्टाल लगी हुई है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधन अभिषेक चोबदार ने बताया कि मेले में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक की प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया था। मेले में आने वाले यात्रियों के लिए राजस्थान परिवहन की नि:शुल्क बस व्यवस्था भी की गई है। और सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं ताकि व्यवस्था पर नजर रहे और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी लगाये गए हैं।

---

# त्याग और समर्पण से ही मानव का कल्याण संभव : कन्हैयालाल व्यास



**चूरू।** जिला मनोरंजन क्लब में भोलेनाथ कला मंच के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कन्हैयालाल व्यास ने मनुष्य को जीवन में त्याग और समर्पण की भावना रखने का संदेश दिया। भागवत कथा के शुभारंभ पर लिखमीचंद सैनी ने सपत्नीक पूजा अर्चना की। प्रथम दिन की कथा में नारद प्रसंग सुनाते हुए कन्हैया लाल व्यास ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में सद्कर्म करने चाहिए। कथा में अमर कथा और धुंधकारी मोक्ष की बहुत ही शानदार मार्मिक तरीके से व्याख्या की गई। मनुष्य को अपने जीवन में सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाना चाहिए क्योंकि सभी जीवो के प्रति आपकी जो विचारधारा होगी उसी से आपका व्यक्तित्व निर्माण होता है। अच्छे कर्म करने और गरीब और निर्धन लोगों की सहायता करने से मनुष्य का हमेशा भगवान विपरीत परिस्थितियों में साथ देते हैं. प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे आचरण का पालन करना चाहिए। यही अच्छा आचरण आपकी भावी पीढ़ी की आधारशिला रखते हैं। इस अवसर पर भोलेनाथ कला मंच के हरीश शर्मा, प्रमोद प्रजापत, विनोद राठी, मुकेश अग्रवाल, पुनीत शर्मा, हिमांशु सेन, रोहित वमा, अजय प्रजापत, गजानंद गौड़, उपस्थित रहे।

---

**पीथमपुर यूनियन कार्बाईड का मामला...**

# सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

### हो सकता रेडिएशन का खतरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पीथमपुरा में यूनियन कार्बाईड का कचरा जलाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने और वहां इसे जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। और यह भी कहा गया कि पीथमपुरा ले जाने का फैसला लेते समय पीथमपुरा के लोगों से सलाह नहीं ली गई।

### अफवाहों से बचे जनताः सीएम

सीएम मोहन यादव ने कहा था कि 40 साल पहले जिनके कार्यकाल में गैस त्रासदी हुई, वही गलतफहमी फैलाने से आज भी बाज नहीं आ रहे। अज्ञानता के आधार पर गलत बात फैलाई जा रही है, वोट की राजनीति के लिए कोई झूठी बात फैलाए तो मैं क्या कर सकता हूं। मैं इसकी निंदा करूंगा और इससे उन्हें बचाना चाहिए।

### स्थानीय निवासी कर रहे विरोध

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सरकार ने वहां कचरा पहुंचा दिया है और अब इसके निष्पादन की तैयारी चल रही है। इस बीच बड़ी संख्या में पीथमपुर के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कचरे को दूसरी जगह पर जलाया जाना चाहिए।

पीथमपुरा में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर वहां एसा होता है तो पीथमपुरा में उचित मेडिकल फेसिलिटी मौजूद नहीं है।

---

# माली समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता में सरदार नगर की टीम विजयी

**भीलवाड़ा।** माली समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में सरदार नगर की टीम विजयी रही। माली युवा सेवा संस्थान के युवा संरक्षक हरनारायण माली ने बताया कि माली युवा सेवा संस्थान के तत्वाधान में मोदी ग्राउंड में 25 दिसंबर 2024 से समाज की मेवाड़ स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है उक्त प्रतियोगिता का फाइनल 5 जनवरी 2025 को खेला गया। फाइनल मैच सरदारनगर एवं बनेड़ा की टीमों के मध्य खेला गया। सरदार नगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 170 रन बनाए जिसके जवाब में बनेड़ा की पूरी टीम 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई इस प्रकार सरदार नगर की टीम ने फाइनल मैच 51 रन से जीता। सरदार नगर की टीम के कप्तान मुकेश माली को मैन ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया विजेता सरदार नगर की टीम को 21000 की इनामी राशि तथा ट्रॉफी एवं उपविजेता बनेड़ा टीम को 11000 की इनामी राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन कार्यक्रम में पूर्व पार्षद ओकार माली, नंदलाल माली, संस्थान के युवा संरक्षक हरनारायण माली, मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल, युवा संस्थान अध्यक्ष पूसा लाल माली, सचिव राजेश पारेता, संपत्ति ट्रस्ट अध्यक्ष दिनेश कुमार माली, पार्षद प्रतिनिधि बबलू माली, दौलत माली, कन्हैया लाल बुलीवाल,नानूराम माली, देवकरण माली, कालू माली, सुनील माली, कालू सांखला, कैलाश माली श्यामलाल मोरी, नंदलाल पारेता यशवंत माली सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। युवा संस्थान अध्यक्ष पूसा लाल माली ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

# कैथल के पूंडरी, फरल और पबनावा में पैदल यात्रा निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने को किया जागरूक



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** कैथल हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। वे इस कार्य को करने के लिए साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के गांव गांव तक जाकर युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज वे कैथल ज़िले में पहुंचे हुए थे। सर्वप्रथम वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुण्डरी पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत शिक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक सुनील दत्त की अध्यक्षता में ब्यूरो द्वारा 92 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया जिसमें 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और पुलिस न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है अपितु जागरूकता के माध्यम से भी नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए प्रयत्नशील है ताकि कोई व्यक्ति अशिक्षा, अज्ञानता, कर्तव्य विमुखता और लोभ आदि के चक्कर में नशे की दलदल में न फंसे। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। तत्पश्चात वे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल पहुंचे और नशे के विरुद्ध 93 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। तत्पश्चात वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबनावा पहुंचे और 94 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया और गाँव में पैदल जागरूकता यात्रा निकाल कर 95 वां नशे के विरुद्ध अभियान चलाया।

---

### विधायक माहेश्वरी ने सुशासन संवाद में की भाजपा की नीति-रीति की सराहना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने दिल्ली के कृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं, और मंडल पदाधिकारियों के साथ आयोजित सुशासन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली की प्रदेश सरकार की अब तक केवल दो ही उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास की राह से भटक चुकी है और जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है। जनता को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो समग्र विकास की सोच रखती हो और जनकल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता बंधु अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और परिश्रम से जुट जाएं। हमारा एक महीने का परिश्रम दिल्ली की जनता के लिए एक नई क्रांति लाएगा। सुशासन संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्टी की नीतियों और कार्यशैली को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भाजपा के कृष्णा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने विधायक माहेश्वरी का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी भाजपा प्रत्याशी की विजय के लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं।

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम पर प्रभाराम मेघवाल से बदलकर प्रवीण कुमार रख दिया गया। भविष्य में मुझे प्रवीण कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाएं।

**प्रवीण कुमार वरदारामजी मेघवाल**
निवासी : डिंगार, तह. पिण्डवाड़ा, जिला-सिरोही

## सुविचार

शालीनता आपके संस्कारों को दर्शाता है, इसलिए सभ्य और शालीन बनकर रहें।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## सबक सीखना होगा

भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 सीरीज में 3-1 से हार मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट छह विकेट से अपने नाम किया। इस हार के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गई है। इस हार के बाद भारतीय खिलाड़ियों के मिजाज पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस सीरीज में कुछ एक भारतीय खिलाड़ियों को छोड़ दिया जाए तो लगभग पूरी टीम कुछ खास नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने पर्थ में पहला टेस्ट जीतने के बाद सीरीज गंवाई है। पर्थ में रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं थे और शुभमन गिल चोटिल थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी। उस मैच में ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल खेले थे। साथ ही हर्षित राणा, वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी को मौका मिला था। जुरेल, पडिक्कल और हर्षित कुछ खास नहीं कर सके थे। फिर एडिलेड में दूसरे टेस्ट से पहले रोहित की वापसी हुई और प्लेइंग इलेवन में भारी फेरबदल हुआ। रोहित, अश्विन और गिल की वापसी हुई और जुरेल-पडिक्कल व सुंदर को बाहर कर दिया गया। हर्षित बरकरार रहे। एडिलेड में हर्षित और महंगे साबित हुए। फिर तीसरे टेस्ट में हर्षित और अश्विन को भी बाहर कर दिया गया और जडेजा, सुंदर और आकाश दीप आए। पांचवें टेस्ट में आकाश और रोहित भी बाहर हुए और प्रसिद्ध कृष्णा आए। इससे टीम का मिजाज बदलता रहा और खिलाड़ियों को पर्याप्त अनुभव नहीं मिला। इतना ही नहीं राहुल और यशस्वी ने शुरुआती तीन टेस्ट में ओपनिंग की और फिर चौथे टेस्ट में रोहित ओपनिंग में आए। ऐसे में कोई खिलाड़ी सेटल नहीं हो पाया। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म टीम इंडिया की हार की मुख्य वजह रही। रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में मात्र 31 रन बना सके। पांचों बार उन्हें कमिंस ने आउट किया। इस पूरे दौरे पर विराट नौ पारियों में 23.75 की औसत से 190 रन बना सके। पर्थ और मेलबर्न में दो पारियों में 136 रन को छोड़ दिया जाए तो बाकी सात पारियों में उन्होंने महज 54 रन जोड़े। कोहली नौ पारियों में आठ बार ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर छेड़छाड़ करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच आउट हुए। ये दोनों खिलाड़ी टीम में सबसे ज्यादा अनुभवी थे और इनका बल्ला नहीं चलना भारत के लिए घातक साबित हुआ। रोहित-विराट पहले भी बीजीटी सीरीज का हिस्सा रहे हैं और उन्हें वहां के पिच का अनुभव था, लेकिन वे फ्लॉप साबित हुए। पूरी सीरीज में भारत के लिए जो चीज सबसे यादगार रही, वह है जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी। लग रहा था मानो ऑस्ट्रेलिया और बुमराह के बीच लड़ाई है।

### अब लद्दाख पर बुरी नजर

# चीन ने फिर दिखाया अपना असली चेहरा



लोकमित्र गौतम

पिछले साल अक्टूबर में कई सालों के सैन्य गतिरोध के बाद जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौता हुआ था, तो माना जाने लगा था कि शायद अब चीन प्रौढ़ता के साथ सरहद में तनाव के मुद्दे को हल करने की कोशिश करेगा। लेकिन चीन पहले भी कई बार इस तरह की झूठी भाव-भंगिमाएं दिखाकर जल्द ही अपने असली और विश्वासघाती इरादों पर लौटता रहा है। इसलिए यह आश्चर्यजनक नहीं है कि पिछले साल रूस के कज़ान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मलेन के दौरान मोदी और शी जिनपिंग की पांच सालों बाद जो 50 मिनट तक सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई थी, उसके तीन महीने बाद ही फिर से चीन अपना विश्वासघाती दांव चल दिया है। दरअसल पिछले दिनों चीन ने अपने होतान प्रांत में दो नये जिलों (काउंटीज) की घोषणा की है और इन जिलों के भौगोलिक क्षेत्रफल में हमारे लद्दाख के भी कुछ हिस्सों को शामिल कर लिया है, जिसका भारत ने गुजरी 3 जनवरी 2024 को कड़ा विरोध किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि चीन अपने होतान प्रांत के दो नए जिलों में लद्दाख के जिन कुछ हिस्सों को शामिल करने की कोशिश की है, भारत उसकी कड़ी भतर्सना करता है, भारत चीन के ऐसे अवैध कब्जों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। भारतीय प्रवक्ता ने यह भी कहा कि चीन के इस तरह नई काउंटीज का ऐलान करने से भारत की संप्रभुता पर कोई असर नहीं होगा।



- इमेज

दरअसल चीन ने होतान प्रांत में जो दो नए जिले हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया है, उनमें भारत के केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के कुछ हिस्सों को भी शामिल दिखाया है, साथ ही पिछले दिनों चीन ने तिब्बत से निकलने वाली यारलुप त्यांगपो नदी, जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानते हैं, उसमें एक बड़ा हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई है, जिसके उत्तर में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह प्रोजेक्ट बिल्कुल सेफ है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मांओ निंग ने कहा है कि दशकों के गहन अध्ययन के बाद इस हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। लेकिन चीन कहने को कुछ भी कहता रहे, वह विश्वास के योग्य नहीं है। दरअसल 1962 के युद्ध में विजय हासिल करने के बाद वह एक मनोवैज्ञानिक हैंगओवर से चिपका हुआ है। उसे लगता है कि वह भारत और चीन के बीच अस्पष्ट सीमांकन को अपनी मर्जी से अपने पक्ष में तय कर लेगा। इसीलिए चीन बार-बार धोखे की रणनीति अपनाते हुए कभी किसी समझौते के लिए राजी हो जाता है और कभी उसे बिना किसी वजह के तोड़ देता है। दरअसल 2020 में गलवान घाटी में 1962 के बाद जो भारत और चीन की सेनाओं के बीच खूनी झपड़ हुई थी, वह भी चीन के इसी विश्वासघात का नतीजा थी। 1962 के बाद से दोनो देशों के बीच यह समझौता मौजूद था कि दोनो देशों की सेनाएं एक दूसरे से फिजिकल टकराव मोल नहीं लेंगी। लेकिन चीन ने 2020 में यह समझौता चुपचाप तोड़ दिया। वह भारत के साथ दरअसल स्लाइसिंग रणनीति अपना रहा है। वह धीरे से पहले भारतीय क्षेत्रों पर दावा करता है, फिर वहां बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की कोशिश करता है। चीन का यह भू-राजनीतिक विस्तारवाद है। साल 2020 में उसकी इसी ओछी हरकत के कारण दोनों देशों की सेनाओं में खूनी झड़प हुई थी, जिसमें 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। उस समय भी चीनी सैनिकों ने मनमानी ढंग से सीमा के उल्लंघन की कोशिश की थी। सिर्फ लेह लद्दाख की तरफ ही नहीं चीन सालों से अरुणाचल प्रदेश को भी अपना दक्षिणी तिब्बत बताता रहा है और इस तरह वह अरुणाचल प्रदेश पर भी दावा करने की कोशिश करता है। पिछले कुछ सालों में उसने यहां के भी कई गांवों के नाम ऐसी ही मनमर्जी से बदले हैं। लेकिन भारत इस मामले में पूरी तरह से दृढ़ है कि इस तरह की हरकतों से चीन हमारी संप्रभुता पर हमला नहीं कर सकता। भारत के साथ चीन के एक नहीं करीब आधा दर्जन सीमा विवाद हैं, जो लेह लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक फैले हुए हैं। उत्तराखंड और सिक्किम में भी चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। सवाल है आखिर यह सब करते हुए चीन चाहता क्या है? दरअसल वह पूरे दक्षिण एशिया को अपना बगल बच्चा समझता है। चीन चाहता है कि दक्षिण एशिया में उसका दबदबा बने, जिससे उसका महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'वन बेल्ट-वन रोड' सफल हो और इसके जरिये वह इस पूरे इलाके की बड़ी अर्थव्यवस्था पर कुंडली मारकर बैठ जाए। लेकिन यह तब तक संभव नहीं है, जब तक भारत मजबूत है। इसलिए वह अपनी हरकतों से भारत को कमजोर करना चाहता है। लेकिन आज भारत चीन से कमजोर नहीं है, हाल के सालों में भारत ने चीन को 'जैसे को तैसा' जवाब देते हुए सीमा क्षेत्र में जो निर्माण किया है, चीन उससे परेशान है और वह भारत को मनोवैज्ञानिक रूप से तनाव में रखने की कोशिश कर रहा है। चीन सोचता है कि अगर भारत उसके साथ सीमा मसलों पर उलझा रहा तो हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर होगी और इसका फायदा उठाकर चीन हम पर दबदबा बना लेगा। लेकिन भारत चीन के इन मंसूबों को बहुत अच्छी तरीके से समझता है। यही वजह है कि पिछले पांच सालों में चीन से लगने वाली सरहद में भारत ने बड़े पैमाने पर आधारभूत विकास किया है। परमानेंट आरसीसी सड़कों का जाल बिछाया है और सेना को भी चीन से लगने वाले बॉर्डर में एलर्ट मोड पर रखा है। इसी तरह भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ क्वाड में रहकर सक्रिय ढंग से चीन को घेरने की कोशिश की है।

## पंचांग

6 जनवरी 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - शिशिर |
| माह | - पौष |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - सप्तमी 18.25 तक |
| वार | - सोमवार |
| नक्षत्र | - उत्तराभाद्रपद 19.07 तक |
| योग | - परिघ 26.06 तक |
| करण | - गर 07.21 तक |
| सूर्योदय | - 07.14 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.14 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.06 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - मीन |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.22 से 13.06 |
| राहु काल | - 08.36 से 09.58 |
| व्रत, त्यौहार | - पंचक, गुरु गोविंदसिंह जयंती, गुरू राजेन्द्रसूरीश्वर जन्म व पुण्य जैन, भद्रा 18.25 से 29.27 |
| दिशा शूल | - पूर्व |

- शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## धर्म, संस्कृति और मानवीय गरिमा का महाकुंभ

आर. सी. शर्मा

महाकुंभ भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है। यह हर 12 सालों बाद 4 पवित्र स्थानों हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में बारी बारी से आयोजित होता है। यह महज हिंदू धर्म के गर्व और गरिमा महापर्व नहीं है बल्कि समूची भारतीय संस्कृति इससे अपनी गति और ऊर्जा हासिल करती है। दरअसल यह आत्मशुद्धि, मोक्ष प्राप्ति, वेद वेदांत विमर्श और महान आत्माओं के पवित्र मिलन का पर्व भी है। महाकुंभ में देश के कोने कोने से धार्मिक और सांस्कृतिक विद्वान एकत्र होते हैं। सामयिक विषयों पर गहन विचार विमर्श करते हैं और फिर उन विमर्शों से निकले निष्कर्षों को धर्म और संस्कृति को नया रूप देने में लगाते हैं। महाकुंभ का भारत के प्राचीन धार्मिक ग्रंथों, वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में उल्लेख है। आगामी 13 जनवरी को मकर संक्रांति के मौके पर प्रयागराज में शुरू होने वाला महाकुंभ गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में दिव्य पुण्य प्राप्त करने का माध्यम है। इसे अमृत प्राप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि इससे समस्त पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रयागराज में होने वाला महाकुंभ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्म का प्रतीक है। इसमें भारत के कोने-कोने से ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से लोग आते हैं। लेकिन महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजनभर नहीं है। यह अपने आपमें भूमंडलीय घटना है। महाकुंभ के मौके पर लाखों की संख्या में विदेशी पर्यटक सही मायनों में भारतीय संस्कृति का उत्स देखने यहां पहुंचते हैं; क्योंकि यह वह मौका है, जब भारत की सनातन संस्कृति को बहुत ही आध्यात्मिक माहौल में बिल्कुल करीब से देखने का अवसर मिलता है। कुंभ के मौके पर भारतीय सनातन संस्कृति के सारे तत्व एक जगह एकत्र हो जाते हैं और अगर इसे आधुनिक नजरिये से देखें तो यह एक बहुत बड़ी आर्थिक गतिविधि भी है। क्योंकि इस कारण दुनिया के लाखों पर्यटक भारत में अरबों डॉलर खर्च करते हैं। इससे न सिर्फ लाखों लोगों को त्वरित रोजी रोटी कमाने का भरपूर मौका मिलता बल्कि इस 6 और 12 वर्षीय आयोजन से देश की अर्थव्यवस्था को भी एक महत्वपूर्ण चक्र हासिल होता है।



## गीता सार

**मयि सर्वाणि कर्माणि सन्नयस्याध्यात्मचेतसा ।**
**निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः ॥**

**भावार्थ :**

अतः हे अर्जुन! अपने सभी प्रकार के कर्तव्य-कर्मों को मुझमें समर्पित करके पूर्ण आत्म-ज्ञान से युक्त होकर आशा, ममता और सन्ताप का पूर्ण रूप से त्याग करके युद्ध कर। (३०)

## तारीख विशेष

### इंदिरा गांधी के हत्यारों को हुई थी फांसी

हर दिन का इतिहास अपनी अलग कहानी बयां करता है। इसी क्रम में हम जानेंगे 6 जनवरी के इतिहास के बारे में। 6 जनवरी 1989 में आज ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारों को फांसी दी गई थी। 31 अक्टूबर साल 1984 में इंदिरा गांधी को उनके सरकारी आवास पर उन्हीं के अंगरक्षकों द्वारा गोली मार दी गई थी। इस मामले में सतवंत सिंह और केहर सिंह को दोषी ठहराया था जिन्हें बाद में फांसी दी गई। वहीं एक अन्य सुरक्षाकर्मी बेअंत सिंह को उसी समय गोली मार दी गई थी। इतिहास के दूसरे अंश में बात दिग्गज अभिनेता ओम पुरी साहब की करेंगे। 6 जनवरी 2017 को आज ही के दिन उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा था। अभिनेता ओमपुरी कमाल के कलाकार थे। उनकी एक्टिंग की ललक ने ही उन्हें नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा पहुंचाया था। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत मराठी फिल्म 'घासीराम कोतवाल' से की थी। लेकिन साल 1983 में आई फिल्म 'अर्ध सत्य' ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में अलग पहचान दिलाई। 'आक्रोश', 'घायल', 'चाची-420' और 'मकबूल' उनकी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में शुमार है। इतिहास के तीसरे अंश में बात सूचना और प्रद्योगिकी की करेंगे। 6 जनवरी साल 1838 में आज ही के दिन सैमुएल मोरसे ने पहली बार दुनिया के सामने टेलीग्राफ तकनीक को पेश किया था। टेलीग्राफ से विद्युत आवेशों के जरिये कोडेड मैसेज को तार के रास्ते भेजना संभव हो पाया। आगे चलकर ये तकनीक सूचना प्रद्योगिकी के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई।



### संभावना-2025/खेल-खिलाड़ी

# खेलों में बड़े पैमाने पर शामिल होगी टेक्नोलॉजी

सारिम अन्ना

> आईसीसी ने 2027 तक भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मुकाबले हाइब्रिड फॉर्म में कराने का निर्णय लिया है यानी यह तटस्थ स्थलों पर खेले जाएंगे। दूसरा यह कि 2025 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स, इंग्लैंड में खेला जाएगा। भारत डब्लूटीसी के पहले दो फाइनल्स में था, लेकिन पहले न्यूजीलैण्ड से और फिर ऑस्ट्रेलिया से हारने के कारण वह गदा (ट्रॉफी) न उठा सका। इस बार वह फाइनल में पहुंचने के लिए फ़िलहाल तो संघर्ष कर रहा है और उसकी सफलता केवल अपने प्रदर्शन पर निर्भर नहीं है बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी है। मसलन, दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला में क्या रिजल्ट निकलता है। पिछले कुछ वर्षों में खेल और खेलने के तरीके में कई अहम परिवर्तन हुए हैं, जिनमें खेल की सतह, पहनने योग्य गियर, उपकरण और प्राद्योगिकी में बदलाव शामिल हैं।

- इमेज

अधिकतर खेलों की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं जो हर साल आयोजित की जाती हैं, वह तो अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित ही होंगी, इसलिए उनके बारे में दोहराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन भारत के लिए वर्ष 2025 में कुछ आयोजनों का विशेष महत्व होगा। भारत 2025 में आईएसएस एफ जूनियर वर्ल्ड कप का आयोजन करेगा। यह पहला अवसर होगा, जब जूनियर शूटिंग प्रतियोगिता की मेजबानी भारत करेगा, जिसमें राइफल, पिस्टल व शॉटगन की स्पर्धाएं शामिल होंगी। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) के समक्ष दो टाइम-स्लॉट का प्रस्ताव रखेगा। गौरतलब है कि 2025 में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का भी आयोजन किया जाएगा। भारत की दृष्टि से क्रिकेट के दो मुकाबले 2025 में महत्वपूर्ण होंगे। एक, 2017 के बाद चैंपियंस ट्राफी एक बार फिर से आयोजित की जा रही है। यह हाइब्रिड फॉर्म में पाकिस्तान व यूएई में 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। भारत पाकिस्तान नहीं जाएगा बल्कि यूएई में अपने मुकाबले खेलेगा। आईसीसी ने 2027 तक भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट मुकाबले हाइब्रिड फॉर्म में कराने का निर्णय लिया है यानी यह तटस्थ स्थलों पर खेले जाएंगे। दूसरा यह कि 2025 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स, इंग्लैंड में खेला जाएगा। भारत डब्लूटीसी के पहले दो फाइनल्स में था, लेकिन पहले न्यूज़ीलैण्ड से और फिर ऑस्ट्रेलिया से हारने के कारण वह गदा (ट्रएॅफी) न उठा सका। इस बार वह फाइनल में पहुंचने के लिए फ़िलहाल तो संघर्ष कर रहा है और उसकी सफलता केवल अपने प्रदर्शन पर निर्भर नहीं है बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर भी है। मसलन, दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान टेस्ट श्रृंखला में क्या रिजल्ट निकलता है। वैसे भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावना अधिक है। पिछले कुछ वर्षों में खेल और खेलने के तरीके में कई अहम परिवर्तन हुए हैं, जिनमें खेल की सतह, पहनने योग्य गियर, उपकरण और प्राद्योगिकी में बदलाव शामिल हैं। एक बड़ा बदलाव कई खेलों में कृत्रिम खेल सतहों का उपयोग करना रहा है, जैसे कि सॉकर, फुटबॉल और फील्ड हॉकी। बहरहाल, 2025 में कुछ और प्रमुख परिवर्तनों की संभावना है। टेक्नोलॉजी का इस बदलाव में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पहनने योग्य टेक्नोलॉजी, एआई, परफॉरमेंस ट्रैकिंग, वीआर ट्रेनिंग आदि पर अधिक बल दिया जाएगा। उनके अनुसार महिला खेलों का जबरदस्त विकास होगा और व्यक्तिगत ट्रेनिंग पर अधिक बल दिया जाएगा। अनुमान यह है कि साल 2025 में गैर-परम्परागत स्पोर्ट्स को अधिक प्राथमिकता दी जाएगी और युवा पीढ़ी में ई-स्पोर्ट्स, टेक्नोलॉजी आधारित स्पोर्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स अधिक जगह व ख्याति प्राप्त करेंगे। इनके प्रसारण के संदर्भ में स्पोर्ट्स मीडिया लैंडस्केप में भी नाटकीय परिवर्तन आएगा। अभी भी परम्परागत मीडिया खुला दरवाज़ा है, लेकिन आने वाले समय में अधिक बल इस बात पर दिया जायेगा कि केवल उस कंटेंट के लिए पैसा दें, जो आप देखना चाहते हैं। इसका अर्थ है कि परम्परागत टीवी की जगह स्ट्रीमिंग स्टैण्डर्ड हो जाएगी बल्कि काफी हद तक तो हो भी गई है। दर्शक खुद तय करेंगे कि वह क्या देखना चाहते हैं, जिसमें कैमरा एंगल, डाटा, इंटरव्यू आदि सब शामिल हैं। स्पोर्ट्स के लिए भी नेटफ्लिक्स जैसी व्यवस्था की उम्मीद करें और मीडिया अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष। यह भी उम्मीद करें कि खेल संघ, लीग व क्लब खुद प्रोडक्शन करेंगे या ब्रॉडकास्ट करेंगे। नए स्पोर्ट्स उभरेंगे जबकि परम्परागत स्पोर्ट्स धीरे-धीरे इतिहास बन जाएंगे। यह हो सकता है कि व्यक्तिगत स्पोर्ट्स टीम स्पोर्ट्स की कीमत पर ग्रो करें। इसमें शक नहीं है कि खेल लैंडस्केप में बहुत बड़ा बदलाव होने जा रहा है। होम स्पोर्ट्स का महत्व बढ़ जाएगा। परम्परागत स्पोर्ट्स जो अपना फॉर्मेट नहीं बदल रहे हैं या आधुनिक पीढ़ी की ज़रूरतों के अनुसार टाइम एडजस्ट नहीं कर रहे हैं, वह अपने दर्शकों का हिस्सा खो सकते हैं। टेक्नोलॉजी और सामाजिक समन्वय पर अधिक फोकस किया जाएगा। नए स्पोर्ट्स जन्म लेंगे। वीआर, एआर और एआई टेक्नोलॉजी से पूर्णतः नए अवसर उत्पन्न होंगे। ई-गेम्स असल नए स्पोर्ट्स होंगे, ई-एथलीट्स वीआर गॉगल्स लगाकर मुकाबला करेंगे। टेक्नोलॉजी की वजह से बच्चे एक बार फिर स्पोर्ट्स में अधिक सक्रिय हो जाएंगे। बच्चों को चाहिए क्या- स्पोर्ट्स जिसमें टेक गेम एलिमेंट हो। गेमिफीकेशन और स्पोर्ट्सीफीकेशन का दौर आने वाला है। लोकेशन कोई मुद्दा नहीं रहेगा। आप अपने स्थानीय क्लब में टेनिस खेल सकते हैं लेकिन जापान में बैठे अपने दोस्त के साथ भी। स्पोर्ट्स ग्रीन होने जा रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि नये स्टेडियम कार्बन न्यूट्रल होंगे, उन्हें पूर्णतः रीसाइकिलएबल होना होगा, वेस्ट को रीसाइकिल करना होगा और अपनी एनर्जी जनरेट करने और अपने पानी के इस्तेमाल के तरीके तलाश करने होंगे। साथ ही स्टेडियम से आने जाने के वैकल्पिक तरीके तैयार करने होंगे। इसका अर्थ है-इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसपोर्टेशन, बाइसिकल लेन, ट्रेन व ट्राम और ईंधन वाली कारों के लिए पार्किंग की कम जगह। शेयर्ड सेल्फ ड्राइविंग और सेल्फ पार्किंग कार का चलन बढ़ेगा और इस तरह पार्किंग स्पॉट्स में कमी आ सकेगी।

## बोले तो...



जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे। तब इन लोगों का पूरा फोकस अपना शीश महल बनवाने पर था। इन्हें दिल्ली के लोगों कीकोई परवाह नहीं है। इसलिए आज हर दिल्लीवासी कह रहा है। आप-दा नहीं सहेंगे।

- नरेंद्र मोदी



हम दो बार गलती से उन लोगों के साथ चले गए थे लेकिन अब उनको छोड़कर इधर आ गए हैं। अब पुराने साथियों के साथ ही है। उन लोगों ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। महिलाओं के लिए भी कोई काम नहीं किया। शाम होने के बाद कोई घर से निकलता था? 2005 के बाद हम लोगों ने काफी काम किया।

- नीतीश कुमार



बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत व दृढ़ता से काम कर रही हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे, इसलिए उनकी हत्या को राजनीतिक रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हम उन लोगों को भी नहीं छोड़ रहे हैं, जिन्होंने आरोपियों की मदद की।

- देवेन्द्र फडणवीस

### कुछ अलग | अजब गजब

# मॉडल की असिस्टेंट हर हफ्ते कमा रही थी 46 लाख, कमाई को कर रही ये काम

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हम लोग जैसे-जैसे आगे बढ़ते जा रहे हैं, वैसे-वैसे अपनी अच्छाईयों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। अब लोगों की सोच ऐसी हो गई है कि इस दुनिया के हिसाब से चलना है तो इनके बराबर होकर चलना पड़ेगा, ऐसी सोच रखकर हम जीवन में हर किसी से प्रतियोगिता कर रहे हैं। यही कारण है कि लोग एक-दूसरे की तरक्की से काफी ज्यादा जलने लगे हैं। ऐसा ही कुछ इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में आया है। जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है। इंस्टा पर एक मॉडल का वीडियो सामने आया है। जहां ब्राजीलियन मॉडल कैमिला अरुजो का वीडियो काफी ज्यादा धूम मचा रहा है। दरअसल मॉडल ने जानकारी देते हुए कहा कि मुझे उस काफी ज्यादा हैरानी हुई। जब मुझे ये बात



पता चली कि मेरी असिस्टेंट हर हफ्ते 54000 डॉलर कमा रही है। अगर आप इन पैसों को भारतीय रुपयों में देखें तो ये तकरीबन 46 लाख रुपए होते हैं। हालांकि कुछ ही मिनट बाद जब कैमिला ने अपनी अस्टिटेंट जूलिया फिलिपो के वीडियोज देखें तो वो भी उनके आलचकों में बदल गई। दरअसल उसकी अस्टिटेंट ओनली फैंस पर एक एडल्ट मॉडल है। वीडियो में मॉडल जूलिया से जब उसकी हफ्ते भर की कमाई को पूछती है तो वह दंग रह जाती है। उसके चेहरे के अगर एक्सप्रेशन को देखें तो आपको साफ समझ आएगा कि वो कि वो अपने मॉडल की कमाई को देखने के बाद जल रही है। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने जमकर इस पर अपनी प्रतिक्रिया दिए जा रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट कर लिखा, 'यकीनन आप चौंक इसलिए रही हो क्योंकि आपको जलन हो रही है कि आपकी अस्टिटेंट इतना कमा रही है।'

## पाठक पाती

### ई-स्कूटर में कई खामियां

रतलाम के लक्ष्मणपुर पीएनटी कॉलोनी में हुई आग लगने की घटना ने इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए हैं। घटना में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना के अनुसार चार्जिंग के लिए रखी गई ई स्कूटर में आग लग गई, जिससे पास में खड़ी एक्टिवा भी चपेट में आ गई। घटना के कारणों की जांच में पता चला है कि ई स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल हुआ था, जिससे आग लगने की घटना हुई। यह घटना इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाती है। इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा के लिए कई मानकों का पालन करना आवश्यक है, लेकिन यह घटना दर्शाती है कि इन मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। टुनवाल कंपनी द्वारा बेची जा रही ई स्कूटर की कीमत मात्र 50000 है, जो कि बहुत कम है। यह कम कीमत कई सुरक्षा खामियों को दर्शाती है। ई स्कूटर में ऑटो कट ऑफ सिस्टम फेल होने की घटना यह दर्शाती है कि ई स्कूटर में कई सुरक्षा खामियां हैं।

-मधु सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन

# नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य आधुनिक तकनीक के समन्वय से पूर्ण निष्ठा के साथ करें : यादव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अलवर के ग्राम ठेकडा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह तथा 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाट्न समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने पास आउट वनरक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने केरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव बनने साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का महान अवसर है। उन्होंने कहा कि वन मंत्रालय निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों को रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें।



उन्होंने कहा कि आबादी के बढ़ते हुए बोझ के कारण वनों पर भी बोझ पड़ा है। यह हर्ष का विषय है कि उक्त परिस्थितियों के मध्य भी फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बडें क्वाटिटी ऑफ कॉन्ट्रेब्यूशन तय किये थे उनमें पहला भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन प्रगति के कारण जो कार्बन उत्सर्जन होता है उसमें 40 प्रतिशत कटौती करेगा और यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया था लेकिन यह लक्ष्य हमने समय से 9 साल पहले पूरा कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दूसरा लक्ष्य रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को बढा कर 45 प्रतिशत करेगे यह लक्ष्य भी 2030 तक पूरा करना था लेकिन यह लक्ष्य हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया है और भारत ने रिन्यूबल एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तय किया है तथा तीसरा लक्ष्य विशेष रूप से विभाग से संबंधित है जो ग्रीन कार्बन सिंक एरिया को बढ़ाकर 33 प्रतिशत का लक्ष्य था उस लक्ष्य को लेकर जो वन विभाग की रिपोर्ट आई है वह 2.90 गीगा टन कार्बन सिंक के लक्ष्य को 2030 तक प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने 50 वर्ष पहले नेशनल टाईगर कन्जर्वेशन पर काम करना शुरू किया था तब सिर्फ नौ टाईगर रिजर्व थे और अब टाईगर रिजर्व की संख्या बढकर 57 हो गई है देश में 53 हजार वर्ग किलोमीटर एरिया टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के अवैध व्यापार को रोकने में भी कामयाब हुए है भारत ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया। इसी प्रकार फॉरेस्ट कन्जर्वेशन एक्ट में भी सुधार किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के 5 बिग केट में से भारत में दुनिया के 70 प्रतिशत बाघ, करीब 70 प्रतिशत हाथी तथा शत-प्रतिशत एशियाई शेर मौजूद हैं और चीता पुनर्वास का कार्य एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप से कर भारत ने दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि वन मंत्रालय का एग्रो फोरेस्ट्री को बढावा देने के साथ-साथ वन क्षेत्रा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिला सहायता समूह को वानिकी उपज से संबंधित प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है जिससे उनकी आजीविका के साथ वन संरक्षण हो सके। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुनियादी प्रशिक्षण के पश्चात दीक्षांत परेड में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देकर कहा कि यह वनरक्षक के रूप में न केवल वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण का दायित्व का निर्वहन करने के साथ वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामवासियों के हितों की रक्षा का भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है। उसकी सुरक्षा का दायित्व मिलना एक राजकीय कार्य के साथ पुनीत कार्य भी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि यादव ने राज्य के वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आगे बढकर सहयोग किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पेड मां के नाम अभियान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान के बारे में अवगत कराते हुए सभी से आह्वान किया कि अधिकाधिक पेड लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आरएफडब्ल्यूटीआई की निदेशक एवं मुख्य वन संरक्षण प्रशिक्षण शैलजा देवल ने बताया कि 119वें वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र में 11 सेटेलाइट प्रशिक्षण केंद्रों पर 1397 वनरक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ जिसमें अलवर में कुल 214 वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया एवं 120वें प्रशिक्षण सत्र में 8 सेटेलाइट प्रशिक्षण केंद्रों पर 1300 वनरक्षकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ जिसमें अलवर में 150 वनरक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पुलिस ने ली सीएलजी सदस्य की बैठक, साइबर क्राईम के बारे में जानकारी दी



**फुलेरा।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर पर रविवार सायं उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सानिध्य में साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर सीएलजी सदस्यो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा ने बताया कि साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। इसकी रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ऑनलाइन लेने देन करते समय सर्तकता बरते हुए यूजर पासवर्ड शेयर नहीं करें। वही थाना अधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि फोन पर आपको लोन देने के प्रलोभन झांसे देकर आपके अकाउंट नम्बर व एटीएम नम्बर सहित पासवर्ड लेकर आपके खाते से रूपये निकालने व लोन देने के लिए आपको आगे से फोन नहीं किया जाता है और न ही आपके अकाउंट नम्बर, मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड नम्बर मांगे जाते है । अगर इस तरह से आपके पास कोई फोन आता है तो उसको तुरंत काट दें और अपने किसी भी जरूरी दस्तावेजों के बारे में जानकारी साझा नहीं करें। उन्होंने कहा कि आपके आसपास साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले लोगों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने में मदद करें ओर 1930 पर तुरंत कॉल करें। पुलिस ने साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए सीएलजी सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आरपीएफ राजेश सिंह,पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक सोनी सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे ।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 101 वैन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई




**सादुलपुर।** सड़क सुरक्षा अभियान के दोरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 101 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई। चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादवके निर्देशन पर चलाये गये सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान राजगढ़अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल आरपीएस , राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. आईपीएस के निर्देशन में राज्य स्तर पर चलाये गये सडक सुरक्षा अभियान एक जनवरी 2025 से 31 जनवरी की पालना में रविवार को राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया के नेतृत्व में थाना हाजा से अलग अलग टीमों का गठन कर राजगढ़ शहर में रवाना किये गये व निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा अभियान में यातायात नियमों की जानकारी दी जावे। जिस पर टीमो द्वारा सडक सुरक्षा अभियान के दौरान कस्बा में मुख्य स्थानो पर बैनर चस्पा किये गये तथा वाहनों पर रिफलेकटर लगाये गये दुपहिया वाहन चालको को बगैर हेलमेट लगाये चलने के सम्बन्ध में करीब 300 वाहन चालको को समझाइस की गई।

# बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थापना दिवस पर बालिकाएं सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** दादाबाड़ी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 13 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्टॉफ सदस्यों ने रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में बैंक की ओर से चलाए गए बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित बालिकाओं को चौक देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र दरगड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अजय कौशिक व दिनेश गोस्वामी ने किया।

# गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी की बैठक में महत्वपूर्ण चर्चा एवं समीक्षा

## श्री पीताम्बरा आश्रम को आध्यात्मिक चेतना एवं सनातन संस्कार केन्द्र का स्वरूप दिया जाएगा

**बांसवाड़ा।** गायत्री मण्डल बांसवाड़ा द्वारा आगामी समय में प्राच्यविद्याओं और आध्यात्मिक चिन्तन तथा सनातन धर्म एवं परम्पराओं पर व्याख्यानमालाएं, सेमिनार, शोध संगोष्ठियां, परिचर्चाओं, ध्यान योग तथा विभिन्न उत्सवों एवं पर्वों पर वृहद् अनुष्ठानों तथा सत्संग आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गायत्री मण्डल द्वारा श्री पीताम्बरा आश्रम की गतिविधियों को पूजा-पाठ और कर्मकाण्ड तक सीमित नहीं रखकर इसे विशुद्ध आध्यात्मिक चेतना एवं सनातन संस्कार केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह जानकारी गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी की श्री पीताम्बरा आश्रम में रविवार को हुई बैठक में दी गई। इसमें प्रमुख पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

**19 जनवरी को संचालिका की बैठक :** बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिन्हें आगामी 19 जनवरी को श्री पीताम्बरा आश्रम में होने वाली गायत्री मण्डल की संचालिका की बैठक में रखा जाएगा तथा इसके उपरान्त मण्डल की साधारण सभा की बैठक आयोजित कर इन पर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में गायत्री मण्डल की अब तक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए संतोष व्यक्त किया गया और आय-व्यय एवं सदस्यता का सम्पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ ही भावी आयोजनों एवं विस्तार गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

**कई नवीन प्रकल्पों का सूत्रपात होगा :** इस दौरान श्री पीताम्बरा आश्रम में विगत डेढ़ वर्ष से संचालित हो रहे नियमित एवं निरन्तर अनुष्ठानों, यज्ञ, विभिन्न साधनाओं के प्रयोगों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शिविरों, स्थापना दिवस समारोह, श्री पीताम्बरा शक्ति पीठ स्थापना की प्रस्तावित रूपरेखा, वृक्षारोपण अभियान आदि की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि आश्रम के विकास एवं विस्तार की दिशा में इस वर्ष कई नए प्रकल्पों का सूत्रपात किया जाएगा।

# थार शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी ने 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए इतिहास रचा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड के निकटवर्ती पिलानी मे पंचवटी के पास स्थित थार शूटिंग स्पोर्ट्स के निशानेबाज खिलाड़ियों ने 13 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक भोपाल और दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियनशिप मे 31 निशानेबाज खिलाड़ियों ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधि करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ज़िसमें मेडल की जीत के साथ 13 निशानेबाजों का इंडिया टीम ट्रायल में चयन हुए। अकादमी के निशानेबाजो ने असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें पदक और योग्यताओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला मिली। इंडिया टीम ट्रायल मे 13 निशानेबाजों का चयन हुआ जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। जिसमें दीपका बंगरवा, उर्वी फोगाट, प्रियंका श्योराण,बिपाशा जाखड़, कंचन पूनिया,प्रिंस पूनिया,धनंजय भडिया, गौरव पूनिया,यशवर्धन चौधरी, उत्तम पूनिया, हर्षिल शर्मा,सोमांशु सांगवान, जॉनी शर्मा,थार अकादमी के निशानेबाजों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे पदक जीते हैं, जिनमें शामिल हैं प्रिंस पूनिया 67वी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 50 मीटर प्रोन राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदकसोमांशु सांगवान राष्ट्रीय स्तर एस जीएफआई अंडर 17 मे कांस्य पदक नॉर्थ जॉन प्रतियोगिता में एक रजत पदक और एक कांस्य पदक इंडिया ओपन प्रतियोगिता में कांस्य पदक एसजीएफआई अंडर 17 में स्वर्ण पदक राज्य श्रेणी धनंजय भारिया वेस्ट जोन। सीबी एससी में स्वर्ण पदक एसजी एफआई अंडर 14 राज्य श्रेणी में स्वर्ण पदक हर्षिल शर्मा ने राजस्थान राज्य में एक रजत पदक दो कांस्य पदक प्रियंका श्योराण ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही। थार अकादमी के 31 प्रतिभाशाली निशानेबाज खिलाड़ी भाग लेने वाले निम्न प्रकार है महिला निशानेबाज दीपिका बंगरवा,उर्वी फोगाट, सिया तांडी, कंचन पूनिया,प्रियंका श्योराण,प्रियंका डूडी,बिपाशा जाखड़,अवनी डूडी,मीना बोला, निर्मला चौधरी, पुरुष निशानेबाज हर्षिल शर्मा,प्रियवर्त शेखावत, हर्ष श्योराण,प्रशीद श्योराण, जॉनी शर्मा,अंकित पूनिया, गौरव पूनिया,यशवर्धन चौधरी, दीपांशु झाझडिया,सोमांशु सांगवान,प्रिंस पूनिया, कृष्ण बंगरवा,यशराज दाधीच, अविनाश कलिया,धनंजय भडिया, राहुल श्योराण, कपिल धनखड़,आदित्य साई पवार, ध्रुव चोट्टिया, उत्तम पूनिया,निशांत पूनिया,अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी व पूर्व आर्मी कोच नरेंद्र डूडी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान निशानेबाजों को विशेष मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की।




# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी का स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर में सरदार शहर रोड़ पर एक होटल में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी का स्वागत गुर्जर गौड़ बन्धुओं द्वारा माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी ने सभी को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए समाज को एक नयी दिशा देने पर बल दिया इस अवसर पर सभी वक्ताओ ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राहमण महासभा के तहसील अध्यक्ष मनोज जोशी , युवक संघ के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री अरुण गील , प्रयाग चन्द गील ,भारत भूषण पिर्गावत , बजरंग जोशी , विनोद उपाध्याय , तुलसी राम जोशी , अजय जाजडा , सागर मल ,महेन्द्र वत्स , नवरतन लमानी ,विमल जोशी , गोविन्द प्रसाद शर्मा ,बाबुलाल उपाध्याय ,धर्मचंद ,अंकुर ,विकाश ,सुनील आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पहाड़ वाली बाबा पर चादरपोशी का कार्यक्रम का आयोजन

**धौलपुर।** धौलपुर मुस्लिम महासभा धौलपुर की जिला कार्यकारी द्वारा पहाड़ वाली बाबा पर चादरपोशी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरिफ खान प्रदेश सचिव बहुजन समाज पार्टी राजस्थान विशिष्ट अतिथि डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता एवं अध्यक्षता हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी अजमेरी उस्मानी हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश महासचिव शकील खान एवं जिला अध्यक्ष मौसीम खान के नेतृत्व में टाउन चौकी पुराना शहर से एकता का राज चलेगा हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा नारे के साथ चादर पेशी ढोल लगाने के साथ फूटा दरवाजा हॉस्पिटल रोड हरदेव नगर गौरव पथ होते हुए वाटर वर्क्स पहाड़ वाली बाबा पर चादर पहुंची पहाड़ बली बाबा की मजार पर चादर पेशी कर हिंदुस्तान में अमन-चैन एवं तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। मुस्लिम महासभा के 18वां स्थापना दिवस के उपलक्ष मे जिला कार्यालय पर प्रदेश महासचिव शकील खान एवं जिला अध्यक्ष मौसीम खान एवं टीम सहित के काट कर और गरीबों को गुलाब बाग ,मचकुंड, वाटर वर्क्स चौराहे के पास,पहाड़ पर गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव शकील खान, जिला अध्यक्ष मोहसिन खान ,फरमान मिर्जा ,तिवारी बैग कॉलेज के सदर समीर खान उर्फ राजा, इरशाद कुरैशी, आबिद खान समीर खान, अरमान खान, अकरम खान ,सैफ खान , आसिफ खान, जावेद बाग मिर्जा, फरमान खान, जाकिर आशिक, सलमान, चांद खान ,नौशाद खान, अरबाज खान ,अमान खान ,इमरान फारुकी ,अलीम खतौलिया, तालिब खान सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों को शॉल व मफलर वितरित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** देपालसर रोड स्थित झुग्गी झौपड़ी में रहने वालो को सर्दी को देखते हुए मंगलमयी वीर हनुमान सुन्दरकाण्ड समिति के पदाधिकारियों ने गर्म शॉल व मफलर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सुनील पीथिसरिया ने बताया कि सेवा करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक समाजसेवी को अपनी श्रद्धानुसार ऐसी सेवा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण हो सके। इस अवसर पर पवन ठठेरा, देवकीनंदन, राजेश सुरेका, अंकित पिथीसरिया, राजेश प्रजापत व कमल सैनी आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पौष मास के उपलक्ष्य में झरिया मोरी स्थित श्री कृष्ण मंदिर में रविवार को क्षेत्रवासियों और मंदिर की ओर से पुजारी प्रभु दयाल के सान्निध्य में पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। देव प्रतिमाओं का मनोरम श्रृंगार किया गया। इस दौरान दोपहर में महिलाओं द्वारा संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल और कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर महिलाएं नृत्य करते हुए आनंदित और उत्साहित नजर आईं। जिसमें आभा देवी, द्रौपदी देवी, भगवती देवी गायत्री देवी, किरण, संतोष देवी ममता देवी, विजयलक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, सीता देवी एवम् पूनम देवी व महिलाओं ने भजन कीर्तन किया और साथ में आए हुए भक्तों को बड़ों का प्रसाद वितरित किया गया।

### बिजली की मुख्य समस्या का हुआ समाधान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** उपखंड श्रीडूंगरगढ़ के गांव भेरूजी महाराज के एतिहासिक स्थल गांव लखासर के निवासी लंबे समय से बिजली वोल्टेज की समस्या से जूझ रहा थे। गांव के लोगों ने जनजन की पुकार सुनने वाले लोकप्रिय विधायक ताराचंद सारस्वत को इस बाबत अवगत करवाया गया। विधायक महोदय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए गांव लखासर के लिए चार ट्रांसफार्मर स्वीकृत करवा दिए जो ट्रांसफार्मर अब लग रहे हैं। गाव के सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्रसिंह तवर भगवान सिंह ने बताया कि अब हमारे गांव लखासर में वोल्टेज की हो रही ट्रिपिंग, से राहत मिलेगी कम वोल्टेज की समस्या से बचाव हो सकेगा गांव के लोगों को सुचारू बिजली उपलब्ध हो सकेगी ।गांव वासियों की तरफ से सम्मानीय विधायक ताराचंद जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया है।

### जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा की जनवरी माह की बैठक प्रथम सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण यह बैठक जिला पेंशनर कल्याण केन्द्र में मंगलवार, 7 जनवरी को प्रात: ग्यारह बजे रखी गई है। पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में जनवरी माह में जन्म दिवस वाले पेंशनरों का सम्मान करने के अलावा पेंशनरों से जुड़ी हुई अन्य समस्या ओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। इसलिए उन्होंने पेंशनर समाज के समस्त सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया है।

### राजगढ़ नगर पालिका द्वारा परिसीमन में भी संख्याओं को लेकर लोगों में रोष व्याप्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ सर्व समाज विकास मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की सभा का आयोजन किया गया। इसमें नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित परिसीमन मे विसंगतियों को लेकर लोगों की नाराजगी पर विचार किया गया। नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों के परिसीमन मे किए जा रहे नियम विरुद्ध हस्तक्षेप व असंगत सीमांकन का उल्लेख किया गया। परिसीमन न्यायोचित, व्यवहारिक व नियमानुसार हो ताकि किसी भी तरह का विवाद व नागरिकों को असुविधा न हो। नगर में वर्तमान में चल रही सफाई, बिजली, स्ट्रीट लाईट व पानी सहित विभिन्न समस्याओं को उठाने पर प्रस्ताव रखा गया। मंच के पदाधिकारियों मे अध्यक्ष विनोद चांवरिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह शेखावत, एडवोकेट गिरधारीलाल , सीताराम जांगिड़, आमीन खां कंपाउंडर, एडवोकेट विनोद सैनी, ओमप्रकाश गोस्वामी, तीर्थराज बरबड़, हमीद खां, गोविंद जांगिड़, छोटुलाल नायक, शंकर लाल तिवाड़ी, बंशीधर वर्मा, राजेन्द्र गोस्वामी, सदीक पहाडख़ानी आदि उपस्थित थे।

# युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है : केंद्रीय मंत्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजगढ़ ब्लॉक के प्रताप स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और फाइनल मुकाबले में पहुंची चिमरावली और निमाला मोतिवाड़ा टीम के कप्तानों के बीच टॉस कराकर मुकाबले की शुरुआत की, चिमरावली टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में इसके बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव रैणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटौली के खेल मैदान पहुँचे और आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पहुंची पिनान व इटौली टीम के खिलाड़ियों से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। इस मुकाबले में पिनान टीम ने टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। इटौली टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खो कर 72 रन बनाये। जवाब में पिनान टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 6 विकेट के नुकसान पर छक्के की मदद से मुकाबला जीत गई। दोनों टीमों के बीच बहुत ही संघर्षशील मुकाबला रहा जिसे बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी में इस मुकाबले को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने लाइव देखा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए रैणी से बालाजी तक सड़क को डबल लाइन बनाने की घोषणा की। इटौली खेल मैदान में पहुंचने से पहले रैणी कस्बे में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जगह-जगह माला व साफा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजगढ़ कस्बे के तुषार मैरिज गार्डन में महिला मोर्चा, व्यापार मंडल और सनातन नागरिकों के साथ बैठक की।

## सुशासन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने दिल्ली के कृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं, और मंडल पदाधिकारियों के साथ आयोजित सुशासन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली की प्रदेश सरकार की अब तक केवल दो ही उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास की राह से भटक चुकी है और जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है। जनता को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो समग्र विकास की सोच रखती हो और जनकल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता बंधु अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और परिश्रम से जुट जाएं। हमारा एक महीने का परिश्रम दिल्ली की जनता के लिए एक नई क्रांति लाएगा। सुशासन संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्टी की नीतियों और कार्यशैली को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## प्रतिभाओं को आगे लाना समग्र समाज का दायित्व : मंजू बाला स्वामी



**सादुलपुर।** दसवें एशियन पेसिफिक डेफ़ गेम 2024 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले राजगढ़ तहसील के गांव चांदगोठी के खिलाड़ी संदीप स्वामी तथा उसकी बहन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंजू बाला स्वामी का रविवार को सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। स्वामी समाज समिति की ओर से राजगढ़ के रामबास में स्थित स्वामी समाज सामुदायिक केंद्र में यह समारोह हुआ। प्रधानाचार्य अर्जुन राम स्वामी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राजगढ़ तहसील भर के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मंजू बाला ने कहा कि हर समाज को अपनी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए पुरजोर प्रयास करने चाहिए। आज प्रोत्साहन व साधनों के अभाव में अनेकों प्रतिभाएं आगे नहीं आ पा रही। उन्होंने समग्र समाज का आभार जताते हुए कहा कि भाई संदीप निश्चित ही अगले ओलंपिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और भारतीय सेवा के जवान राकेश स्वामी तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित सुनील कुमार स्वामी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, सरपंच धर्मपाल स्वामी, प्रधानाध्यापक राजेंद्र स्वामी सहित मुंशी राम, राधेश्याम स्वामी, दिनेश कुमार, सुमेर लसेड़ी, राकेश स्वामी व जैन समाज की ओर से समाजसेवी वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन श्याम जैन आदि ने भी विचार व्यक्त किए। स्वामी समाज समिति के प्रभारी शुभराम न्यांगली ने सभी का आभार जताते हुए समाज से समन्वय भावना से काम करने का आव्हान किया। समारोह का संयोजन शिक्षक देवदास स्वामी ने किया। कार्यक्रम में बैजबा की पूर्व सरपंच इंदौ स्वामी तथा अन्य प्रमुख जनों ने मंजू बाला स्वामी, संदीप स्वामी, सुनील स्वामी, राकेश स्वामी के अलावा संदीप की धर्मपत्नी सुनीता, माता पिता सन्तोष देवी विजय कुमार स्वामी का भी शॉल, साफा, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी जनों ने समाजोत्थान एकजुटता से काम करते हुए प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### देर रात्रि को भाकरां रोही में देखा जंगली जानवर, ग्रामीणों में दहशत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जंगली जानवर का सही पता लगभग लग चुका है इस जानवर का पिछले सप्ताह गुलपुरा राधा बड़ी एवं भाकरां गांव तक पता वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जानवर के पद चिन्ह देखकर लगाया गया था लेकिन फिर भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी असमंजस में थे की जानवर का सही पता लगाने के बाद ही पिंजरे की व्यवस्था करा उसे पकड़ा जाए शनिवार देर रात्रि गांव की निकट ही खेतों में जंगली जानवर को देखा गया ग्रामीण चन्द्रभान मितड विजय सिंह मितड भोजराज मितड ने बताया कि पहले दिन जानवर के पीछे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी लेकिन दूसरे दिन शनिवार दिन रात्रि टॉर्च के प्रकाश के माध्यम से देखा गया तो जंगली जानवर नजदीक आता दिखाई दिया जिससे फोन के कैमरे मे कैद करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के पास फोटो एवं वीडियो भेजा गया तो उन्होंने सियार गीदड़ होना बताया लेकिन ग्रामीण चंद्रभान मितड ने बताया कि गीदड़ सियार नहीं था जो की बहुत ही छोटा होता है यह है लकड़बग्घा तेंदुआ भी नहीं है उन्होंने बताया कि यह सही रूप में भेडिया जानवर है क्योंकि भेडिया की काफी प्रजाति होती है और यह है भागने में भी बहुत फुर्ती रखता है ग्रामीणों ने जंगली जानवर के फोटो एवं वीडियो तथा ग्रामीणों से जानकारी सुनी देखी तो जानवर के प्रति हताहत दिखाई दिए एवं वन विभाग से जल्द से जल्द जानवर को पकडने की गुहार लगाई।

### खटामला को हराकर बामनटुकडा बना विजेता



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** अखिल भारतीय पालीवाल समाज 44 श्रेणी संस्था मेवाड़ द्वारा आयोजित दशम खेलकूद प्रतियोगिता में इस टुर्नामेंट में वॉलीबाल शूटिंग मैच बामन टुकड़ा व खटामला के बीच खेला गया। जिसमें बामनटुकड़ा ने खटामला को हराकर फाइनल जीता। हितेश दवे, संतोष दवे, प्रकाश दवे, कन्हैयालाल, दिनेश सागर, सुनील, रमेश, भावेश, जमनालाल, नंदकिशोर आदि ने भाग लिया ।

### रघुनाथजी मंदिर के पंचमुखी बालाजी में मनाया पौष बड़ा महोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** सदर बाजार के रघुनाथ जी मंदिर के सामने पंचमुखी हनुमान जी मंदिर में हर वर्ष की भांति रविवार को पौष बड़ा महोत्सव मनाया। मंदिर पुजारी बसंती लालजी मंढा , परमानंद जी अग्रवाल ने बताया कि यह मंदिर कुचामन के सबसे अधिक आस पास के आने वाले श्रद्धालुओं का केंद्र है। इस मंदिर में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अगर दूर जाकर बस गया है तो भी दिन में एक बार तो बालाजी के दर्शन करने अवश्य ही आता है। रवि मंढा वाला ने बताया कि इस मौके पर मंदिर परिसर में आस पास के दुकानदारों द्वारा आकर्षक सजावट की गई। बालाजी महाराज को गाजर हलवा एवं कोफ्तों का भोग लगाकर महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में शंभु डालुका, सुरेश झवर, राकेश मंढा, प्रवीण जैन, पवन सोनी, रामप्रसाद सोनी, अंकित डालुका कालू करवा, बलराम प्रधान, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### कथक नृत्य एकेडमी प्रतिभा समारोह में नृत्य, गायन एवं वादन प्रतिभाएं सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामनसिटी।** शहर की कथक नृत्य एकेडमी में रविवार को एक समारोह आयोजित कर नृत्य एवं गायन की विभिन्न विधाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुबोध शर्मा 'नटराज', शिक्षाविद् गुलाबचन्द शर्मा, सचिव मधुसूदन पारीक, प्राध्यापक लुकुटवल्लभ गौड़, सेवानिवृत चिकित्साधिकारी राधेश्याम खटोड़, समाजसेवी शिवकुमार अग्रवाल, सुनिल कुमार माथुर एवं नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक घनश्याम सैनी सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सौम्या पारीक, सोनिया जांगिड, पार्थी वर्मा, ललिता सोनी, अनुष्का यदुवंशी, चेष्टा बागड़ा, वंशिका अग्रवाल एवं कनिष्ठा को कथक नृत्य में विशारद् परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सुयांश को तबला वादन एवं घनश्याम कुमावत को कथक नृत्य में निपुण (एम.ए. फाइनल) उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेदांशी शर्मा एवं चेष्टा बागड़ा की शानदार कथक नृत्य प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। गायन एवं नृत्य की परीक्षा सम्पन्न-उल्लेखनीय है कि शहर की कथक नृत्य एकेडमी भात खण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से मान्यता प्राप्त है तथा यहां उसका परीक्षा केन्द्र भी है। आज केन्द्र पर भारतीय संगीत सदन के कविता शर्मा, गरिमा कुमावत, तन्मय जैथलिया, सांवरमल प्रजापत, अश्विन दाधीच, सुयोग दाधीच, एवं सोनाली दाधीच गायन की परीक्षा में सम्मिलित हुए। एकेडमी के सचिव मधुसूदन पारीक ने समागत अतिथियों सहित उपस्थितजन का आभार ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों को मनोयोग पूर्वक संगीत साधना करने की सीख दी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालकों से समझाइश की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर आरटीओ और परिवहन विभाग के अधिकारियों को वास्तव में अलवर की परवाह है तभी तो लगातार अवकाश के अवसर पर भी विभाग के अधिकारी दिन-रात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान सडक़ों पर वाहन चालकों को समझाइश करते हुए सडक़ सुरक्षा की जानकारी दे रहे है। अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के पांचवें दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि विभाग के उडऩदस्ता प्रभारी समुद्र सिंह कोठारी द्वारा बहाला टोल प्लाजा पर 100 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई तथा ट्रक व बस चालकों को स्वस्थ, नशामुक्त जीवन, सुरक्षात्मक वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही परिवहन निरीक्षक द्वारा लगभग 100 आम नागरिकों को सडक़ सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 100 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडऩ दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 30 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 10 बिना सीट बेल्ट, 67 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 1 मोबाइल पर बात करने पर, 19 तीन सवारी से अधिक होने, 16 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन, 63 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 16 नो पार्किंग, 1 बिना नम्बर प्लेट संचालित, 10 ओवर डाइमेंशन एवं 12 रिफ्लेक्टर टेप से संबंधित चालान किए गए।

# 'साइबर शील्ड' अभियान के तहत पुलिस का जन जागरूकता का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगण, वृताधिकारीगण व थानाधिकारीगणों द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे 'साइबर शील्ड' अभियान के दौरान साइबर जागरूकता के क्रम में रविवार को अपने-अपने थाना क्षेत्र में साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा 'साइबर शील्ड' अभियान के दौरान साइबर शिकायतों के निस्तारण, साइबर अपराधियों द्वारा प्रयुक्त सीम कार्डस् व आईएमईआई नंबरो को ब्लॉक करवाने, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाईलों की बरामदगी व पीड़ितों को लौटाने, साइबर अपराध के हॉट स्पॉट को चिन्हित कर अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करना, साइबर अपराधियों का डाटाबेस तैयार करना, वांछित, स्टैंडिंग वारंटी व उद्घोषित साइबर अपराधियों को गिरफ्तारी करना तथा पुलिस मित्रों, सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखीयों व साइबर वॉलियन्टर्स की मदद से साइबर जागरूकता अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में आज समस्त थानाधिकारीगणों द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान पुलिस मित्रों, सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखीयों व साइबर वॉलियन्टर्स, आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के द्वारा साइबर ठगी हेतु प्रयुक्त विभिन्न तरीको जैसे - डिजिटल अरेस्ट, ई-ट्रेडिंग, साइबर स्लेवरी, सोशल मीडिया से संबंधित जागरूकता, डेटिंग एप्प व साईट, फॉईनेंस/बैकिंग फॉर्ड, आयकर धोखाधड़ी, फर्जी लोन एप्प, ऑनलाईन रोजगार, ऑनलाईन गैमिंग, अनचाहे कॉल, साइबर बुलिंग / स्टॉकिंग, ऑनलाईन सेक्सटॉर्शन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आम नागरिकों को साइबर अपराधियों से बिना डरे नि:संकोच उनकी शिकायत अपने नजदीकी थाना पर दर्ज करवाने अथवा ऑनलाईन पोर्टल cyberpolice.nic.in/ पर या 1930 पर करवाने हेतु समझाईश की गई।

# राजसमंद में निजी लेबों की धाधली हुई उजागर

## आठ माह तक प्रसूता को देते रहे गलत सोनोग्राफी रिपोर्ट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर राजनगर थाना क्षेत्र के 100 फीट रोड स्थित रेडॉन लैब की मनमानी के चलते पैसा बटोरने के लिए आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। राजनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले जय सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले 8 माह से गर्भवती है और चिकित्सकों के परामर्श पर लगातार रेडॉन लब पर सोनोग्राफी करवाती रही है। पिछले 8 माह से लैब वाले पीड़िता के परिवार को गुमराह कर रहे हैं। सोनोग्राफी में उसकी डिलीवरी में कॉम्प्लिकेशन और बच्चे की हालत नाजुक बताई गई। 2 दिन पूर्व वापस सोनोग्राफी के दौरान लैब संचालक ने जब रिपोर्ट नहीं दी तो उन्होंने उदयपुर की दूसरी लेब पर सोनोग्राफी करवाई जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। यह घटना शहर में फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लैब के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करते हुए आरोपी लैब संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर राजनगर थाना पुलिस और चिकित्सा विभाग से ब्लॉक ब्लॉक सीएमएचओ भी मौके पर पहुंचे। जहां लोगों के आक्रोश को देखते हुए लैब को ताला लगा दिया और पांच सदस्य की कमेटी बिठाकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गर्भवती महिला के पति ने रेडॉन लैब संचालक के खिलाफ राजनगर थाने पर लिखित रिपोर्ट दी है।

## मुक्तिधाम प्रबंध समिति की चुनावी प्रक्रिया हुई संपन्न

**सादुलपुर।** चूरू के अगुणा मौहल्ला, वार्ड नंबर 38 में स्थित मुक्तिधाम प्रबंध समिति की चुनाव प्रक्रिया वार्ड पार्षद भागीरथ सैनी की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे संपन्न हुई। पार्षद सैनी ने बताया कि वार्ड के प्रबुद्धजनों तथा प्रबंध समिति के सदस्यों की सर्वसम्मति से हुई चुनाव प्रक्रिया में पन्नालाल दईया को अध्यक्ष, हुकमाराम गौड़ को महामंत्री तथा श्योकरण जमालपुरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर गत वर्षों के आय-व्यय, श्मशान भूमि के विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों सहित समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत सागरपाड़ा पर चलाया वाहन रिफ्लेक्टर अभियान



**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा रविवार को सागरपाड़ा पर वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया गया जिसमें परिवहन निरीक्षक सूरजभान द्वारा वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान भी चलाया गया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि अत्यधिक कोहरे में वाहनों को ना चलाएं और बिना रिफ्लेक्टर के वाहनों को रात्रि में ना चलाएं। अनिद्रा की स्थिति में भी वाहनों को नहीं चलाना चाहिए और लंबी रूट के वाहन चालकों को पूरी नींद लेनी चाहिए। समय-समय पर अपनी आंखों का भी परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा पांच दर्जन से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर वाहन चालकों के साथ समझाइश की गई।

# ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं : जूली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक़े ना केवल रोड कनेक्टिविटी को जोडने का काम करती है बल्कि विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को तीव्र गति से पंख लगे जिसकी बदौलत आज क्षेत्र मे आमजन को सहुलियत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में बड़े स्तर पर विधायक निधि कोष से सडक़ों सहित विभिन्न विकास कार्यो का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। जूली रविवार को मालाखेड़ा ब्लॉक के गांव बालेटा, पूनखर एवं भंडोडी में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में इंटरलॉकिंग सडक़,श्मशान घाट निर्माण, रिनिवल कार्यों, वाटर कूलर, ग्रेवल सडक, सिंगल फेस बोरिंग सहित पाइप लाइन का उद्घाटन किया।

**जूली ने करोड़ों रूपये की लागत से हुए इन विकास कार्यों का किया उद्घाटन :** जूली ने मालाखेडा ब्लॉक में करोडो रूपये की लागत से हुए विकास कार्यो गांव बालेटा में भडोली रोड़ से खिलारी मेव के घर की ओर, हीरामल बाबा के स्थान से रामचंद्र के कुएं की ओर, बैंदाडा बास में इंटर लॉकिंग सड़क, भैसा घाटी से भाटाला बास, नदी से भाटाला बास तथा लाला यादव के धुन्धल से मेव की ओर ग्रेवल सडक़, देव नारायण स्कुल से मॉडल स्कुल तक एवं देव नारायण स्कुल के सामने से आरआरसी व मेवों की ढाणी की ओर पाइप लाईन डालने तथा बौकडा वाले हनुमान मंदिर में वाटर कुलर लगाने एवं हवासिंह के घर के पास सिंगल फेज बोरिंग साथ ही किसान सेवा केन्द्र एवं भूअभिलेख परिसर में इंटर लॉकिंग सडक निर्माण कार्य, पूनखर में भौमिया मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर चावंड माता मंदिर में अचलपुरी सडक़ से अर्जन/सत्या जाट की ढाणी देवनारायण मीणा से बन्ना मीणा के मकान तक अहीर बास से कर्मी यादव की ढाणी की ओर फत्या के जोहड से हाजीपुर वालों की ढाणी तक मुख्य सडक़ से सरबू मीणा की ढाणी तक मुख्य सडक़ से बिल्लू यादव की ढाणी की ओर मुख्य सडक से मदन मीणा के घर की ओर, अहीर बास से हिंग्योटया बास (संत का नगंला) में इंटर लॉकिंग सडक तथा पूनखर से संत का नगंला सडक़ का रिनिवल कार्य पूनखर नाई समाज, पूनखर प्रजापत समाज, पूनखर मीणा समाज, साथ ही ग्राम भंडोडी में राम बैरवा के घर होते हुए सरपंच की ढाणी की ओर, रामस्वरूप बैरवा के घर से डाबंर रोड की ओर गोपी सिद्व का बास, कैलाष के मकान से रामनिवास जाट के खेत की ओर इंटर लॉकिंग सडक़ सहित विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

## दिनेश अजीत सरिया की पुण्यस्मृति में लड्डू वितरित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उदारमना भामाशाह दिनेश कुमार अजीतसरिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र सुमित अजीतसरिया के सौजन्य से देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में समग्र समाज के असमर्थ वृद्धजनों,विधवा महिलाओं व दिव्यांग जनों को आज सर्दी से बचाव हेतु देशी घी में तैयार मैथी के लड्डू वितरित किए गये। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि स्व.दिनेश जी अजीतसरिया द्वारा शुरू की गयी इस पुनित परम्परा को जारी रखते हुए उनके सुपुत्र सुमित ने इस वर्ष 7 क्विंटल लड्डू तैयार करवाएं हैं जो रतनगढ़ के साथ-साथ उनके पैतृक गांव अजीतसर में पात्र लोगों को वितरित किए जा रहे हैं।

दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

# सेवादल कार्यकर्ताओं से अधिवेशन में अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान

कांग्रेस सेवादल की बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल की ब्लॉक स्तरीय बैठक रंजन सराय प्रांगण में सेवादल के जिला मुख्य संगठक प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व जोन प्रभारी मोहन हटेला के आतिथ्य में आयोजित की गई। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष यशपालसिंह राजपुरोहित व वरिष्ठ नेता एडवोकेट विजयराज चौधरी विशिष्ट अतिथि थे। बैठक में सर्व प्रथम देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमनोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पण के साथ दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जयपुर में आगामी दिनों में होने वाले प्रदेश स्तरीय महा अधिवेशन पर चर्चा करते हुए सेवादल कार्यकर्ताओं की अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान किया गया।



बाली ब्लॉक सेवादल, यंग ब्रिगेड, महिला सेवादल नवीन कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। संगठनात्मक गतिविधियों पर गहनता से रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष हटेला ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए में सेवादल संगठन के माध्यम से बेहतर कार्य करना होगा। बूथ स्तर पर सेवादल का जल्द गठन कर वर्तमान भाजपा सरकार की विफलताओं को आमजन के बीच उजागर करें। जिला मुख्य संगठक चौधरी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार आमजन के लिए पूर्णतया विफल साबित हुई है। एक साल बीतने आया है लेकिन किसी तरह की उपलब्धि नहीं गिना सकते, उल्टा यह सरकार पूर्ववर्ती गहलोत सरकार की जन हितार्थ योजनाओं को बंद करने पर तुली है एवं कई बंद कर दी गई है। ऐसे में भाजपा सरकार की नाकामियायों को उजागर करने कोई कोर कसर नहीं छोड़ें। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रीड की हड्डी के समान है सेवादल। बाली विधानसभा क्षेत्र सेवादल अध्यक्ष जसाराम परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष अजयपाल सिंह जोधा ने आभार जताते हुए सेवादल की ओर से और अधिक मजबूती से और कार्य करने पर भरोसा दिलाया। बैठक में दलवीरसिंह चौहान, रामसिंह इंदा, अजीजअली सिलावट, ओटाराम हटेला, मोटाराम वर्मा, नरसिंह रावल, देसूरी सेवादल अध्यक्ष मूलाराम मीणा, रमेशकुमार बावल, रजाक्भाई, चेनाराम घांची, शंकरलाल रामेशा, मांगीलाल गहलोत, शक्तिसिंह करणोत, रामलाल मेघवाल, दुर्गादेवी परिहार, जाकिर हुसैन, रमेशकुमार, आरिफ हुसैन, ओम परिहार, भंवरलाल डांगी, जतनोदेवी, वारामभाटी, गोमाराम चौधरी, सुरेश परमार, अब्दुल हमीद, प्रतापराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगली जानवर के हमले में दो किसान घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल/देसूरी।** क्षेत्र के कोटड़ी गांव स्थित बेरा बदवा पर जंगली जानवर ने भैंस व दो किसानों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। भैंस पर हमला करने पर बेरे पर मौजूद किसान देवाराम गहलोत व पकाराम गहलोत भैंस के समीप गए। इस दौरान भेड़िया अथवा लकड़बग्घे ने दोनों को भी हमला कर जख्मी कर दिया। दोनों के चिल्लाने पर जंगली जानवर भाग गया। आसपास खेतों से पहुंचे किसानों ने दोनों को नाडोल अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार बाद पाली रेफर कर दिया गया। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की चहलकदमी बढ़ गई है। ऐसे में जंगली जानवरों से मानव जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है। किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत करवाया है।



## थाने में एएसआइ के दो पद रिक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** थाना क्षेत्र में दो एएसआइ के रिक्त होने से अन्य पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त कार्यभार उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रफल और कार्य के लिहाज से देसूरी थाना पहले से ही व्यस्त रहता है। वहीं नाल घाट सेक्शन में रोजाना होने वाली दुर्घटनाओं के कारण पुलिसकर्मियों पर दबाव और बढ़ गया है। थाने में एएसआइ के पद रिक्त होने के कारण अपराध, दुर्घटना और अन्य मामलों की जांच व समाधान में देरी हो रही है। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों को कई प्रकार के अतिरिक्त कार्य भी संभालने पड़ रहे है। जिससे उनकी कार्यक्षमता और संतुलन पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने विभाग से जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरवाने की मांग की है ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा का स्तर बेहतर बनाया जा सके।




## भैंस चोरों का आतंक, पशुपालकों में खौफ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** अरावल क्षेत्र में लम्बे समय से भैंस चोरों का आतंक बना हुआ है। भैंस चोरी की लगातार वारदात के बीच बीते एक पखवाड़े में मगरतलाब पंचायत के कोलर गांव से आधा दर्जन भैंसे चोरी हो गई है। ऐसे में पशुपालकों में भैंस चोरों का खौफ व्याप्त है। मगरतलाब के पूर्व वार्डपंच जगदीश शर्मा के अनुसार कोलर निवासी दरगाराम माली की दो भैंसें सुथार बेरे से चोर चुरा ले गए। सुथार बेरे के खेत पर ताला लगा होने से चोर तारबंदी काटकर वारदात को अंजाम दे गए। इससे पूर्व भी गांव में बंशीलाल माली व गोरधनलाल सुथार की एक-एक भैंस चोरी हो चुकी है। भैंस चोरी को लेकर थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया है।

## मंदिरों में 30 को अर्पित की जाएगी आमंत्रण पत्रिका

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे के आराध्य देव खिंवाड़ा बालाजी मंदिर के मेले को लेकर 30 जनवरी को कस्बे के तमाम मंदिरों में आमंत्रण पत्रिका भगवान को अर्पित की जाएगी। बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य के अनुसार 10 अप्रेल को भरने वाले गोडवाड़ क्षेत्र के प्रमुख मेले को लेकर सुबह दस बजे मेला आयोजक मनोजकुमार राजमल खांटेड परिवार की ओर से आमंत्रण पत्रिका प्रभु चरणों में अर्पित की जाएगी। इसी दिन दोपहर तीन बजे मेले व महाप्रसादी के आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष घीसूलाल जैन की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

## गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने लामबद्ध हुए ग्रामीण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** घाणेराव पंचायत के अधीन स्थित गुड़ा भोपसिंह एवं गरासिया कॉलोनी व संग्राम नाडी को मिलाकर गुड़ा भोपसिंह गांव को ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने ग्रामीण लामबद्ध होने लगे है। इसके लेकर शनिदेव सेवा समिति की ओर लोगों को जागरूक करने अभियान चलाए जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार गुड़ा भोपसिंह एवं गरासिया कॉलोनी व संग्राम नाडी क्षेत्र की जनसंख्या को ध्यान में रखकर तीनों को मिलाकर गुड़ा भोपसिंह को पंचायत का दर्ज दिया जा सकता है। शनिदेव सेवा समिति की ओर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाकर राय को सरकार तक पहुंचाकर नवीन पंचायत के गठन की मांग की जाएगी। ज्ञातव्य है कि घाणेराव पंचायत से करीब पांच किमी दूर स्थित गुड़ा भोपसिंह व गरासिया कॉलोनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजूद है। चिकित्सका की कोई सुविधा नही है। मनरेगा योजना के लिए श्रमिकों को घाणेराव के आसपास तालाबों में आना पड़ता है।

गुड़ा भोपसिंह में सीसी रोड का निर्माण पंचायत द्वारा करवाया गया है। जो भी विकास हुए वह भामाशाहों के सहयोग से हुए है। गुड़ा भोपसिंह, मुछाला महावीर गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी की जनसंख्या 2000 से अधिक है। ऐसे तीनों स्थानों के साथ आसपास बेरे पर रहने वाले लोगों को मिलाकर गुड़ा भोपसिंह नाम से एक नई पंचायत का गठन किया जा सकता है। शनिदेव सेवा समिति के सदस्य एवं घाणेराव उपसरपंच दिनेश आदिवाल सहित अन्य सदस्यों की ओर से अभियान शुरू कर आदिवासी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसे लेकर सदस्यों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है।

## 'धैर्य, अनुशासन और मानसिक विकास का माध्यम है शतरंज'

ब्लॉक का प्रथम शतरंज टूर्नामेंट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** अखिल भारतीय अंबेडकर परिषद देसूरी द्वारा आयोजित बस्तीलाल भाटी शतरंज टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। अंबेडकर भवन में परिसंघ के सचिव सुरेश भाटी के पिता पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बस्तीमल भाटी की स्मृति में यह आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अपने कौशल, धैर्य और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप (14 वर्ष) और सीनियर ग्रुप (14 वर्ष से अधिक) के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान दीपक चौहान, द्वितीय स्थान सार्थ सोलंकी जूना व तृतीय स्थान अर्जुन मीणा देसूरी ने हासिल किया।



सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान मुकेश कुमावत नारलाई, द्वितीय स्थान रोहन कुमावत नारलाई व तृतीय स्थान मांगीलाल चौधरी देसूरी ने प्राप्त किया। कार्य' म में अम्बेडकर परिसंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद टेकाराम मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं है बल्कि यह धैर्य, अनुशासन और मानसिक विकास का माध्यम है। उन्होंने युवाओं को इस खेल में आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। संयोजक ललितेश मेघवाल ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। देसूरी ब्लॉक के शतरंज कोच और निर्णायक मोहनलाल सुथार ने खेल के नियमों और रणनीतियों पर उपयोगी जानकारी दी। उनके पुत्र और राज्य स्तरीय खिलाड़ी जयेश सुथार ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। सागर भाटी ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### इनकी रही सक्रिय भागीदारी

*कार्य' म के दौरान नरेंद्र फुलवारी (प्रधानाचार्य केसुली), भारती फाउंडेशन के रजनीश परिहार, नवरत्नमल, उम्मेदमल गौड़, मांगीलाल, छगन बागरेचा, पंकज मकवाना, सतीश सोलंकी जूना, रणजीत मालवीय, छगनलाल मीणा, तगाराम नोगिया, मांगीलाल सोलंकी, सवाराम बोस, ललित सोलंकी, रमेश कुमावत ने अपनी स' य भागीदारी निभाई। मंच संचालन पंकज मकवाना ने किया। आयोजन समिति की ओर से आभार व्यक्त किया गया।*

## संत रामपाल महाराज के सत्संग में उमड़े श्रद्धालु



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खौड़।** संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग आयोजन तुलसी गार्डन नया बस स्टैंड के पास प्रसारित हुआ। भारी संख्या में लोग सत्संग में उमड़े। संत रामपाल अपने प्रमाणित सत्य ज्ञान और समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रसिद्ध हैं। सत्संग में न केवल आध्यात्मिक ज्ञान, बल्कि समाज सुधार के लिए प्रेरणाएं भी दी गई। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं ने शांति और अनुशासन के साथ संत के प्रवचनों का आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने शास्त्र आधारित भक्ति अपनाने का संकल्प लिया और मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए सतभक्ति का मार्ग अपनाने की प्रेरणा ली। जिला सेवादार सोहन पंवार ने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान से प्रेरित होकर 11 लोगों ने नशा छोड़ने के साथ सदभक्ति करने का संकल्प लिया।

## रामेश्वर तीर्थ यात्रियों का पौधा-रस्म से किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा के यात्रियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। इसी के साथ एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्य' म आयोजित किया गया। कोषाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि स्पेशल भारत गौरव ट्रेन द्वारा रामेश्वर यात्रियों का मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य श्याम अग्रवाल व पौधा मिशन संस्थापक पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत द्वारा यात्रियों को पौधा भेंट व रेल विकास संस्थान द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत के साथ पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही देवस्थान विभाग द्वारा यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सुमेरपुर रेल विकास संस्थान पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा करवाने पर राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नैनमल सोनी, सोहन सिंह मीणा, प्रकाश कुमावत, जोधराज देवड़ा सहित पुखराज सोलंकी, भीखाराम सोलंकी आदि उपस्थित रहे।




## ओवरलोडिंग वाहन किए सीज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में हरीओम आश्रम के निकट नाकाबंदी के दौरान सड़क सुरक्षा माह को लेकर वाहनों की जांच पड़ताल की गई। कई वाहनों के कागजात, डीएल, इंसोरेंस आदि नहीं पाए जाने पर चालान काटे। देसूरी नाल से गुजर रहे पांच ओवरलोडिंग वाहनों को सीज किया गया। देसूरी नाल घाट सेक्शन में अक्सर दुर्घटनाए ओवरलोडिंग वाहनों के चलते ज्यादा होती है। नाल में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कार्यवाही ओवरलोडिंग वाहनों को रोकना व उन पर कार्यवाही करना है। ऐसे में ओवरलोडिंग वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान हेड कांस्टेबल सोहनलाल आसेरी, आसूचना अधिकारी राकेशकुमार, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, बंशीलाल, हेमेंद्रसिंह, बलराम चोयल व कांस्टेबल चालक हिम्मत सोलंकी मौजूद रहे।



## कुएं में गिरने से नंदी की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** क्षेत्र के पांचलवाड़ा गांव में रविवार को आपस में लड़ रहे दो नंदियों (बैल) में सक एक की पास स्थित एक कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता ठा अभिमन्यु सिंह ने गुडा लास के समाजसेवी जालमसिंह को इसकी जानकारी दी। जिस पर जालमसिंह ने समाराम चौधरी, मांगीलाल, चेनाराम, प्रतापसिंह आदि के साथ मिलकर जेसीबी व क्रेन की सहायता से नंदी को कुएं से बाहर निकलवा विधिवत समाधि दी।



## बैठक में की प्रतिष्ठा की तैयारियों पर चर्चा, किए कई निर्णय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को जवाई बांध में खेड़ादेवी मंदिर निर्माण समिति की बैठक अध्यक्ष ब्रजमोहन मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर प्रतिष्ठा करवाने संबंधित कार्य' म की रूपरेखा तैयार की गई। सचिव सुखदेव जीनगर ने बताया कि बैठक में प्रतिष्ठा के लिए प्रसादी बनाने के लिए हलवाई तय किया गया व हवन में बैठने के लिए जोड़े तय किए गए। अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 8 से 10 फरवरी तक चलेगा। जिसमें पहले दिन 8 फरवरी को हवन यज्ञ, 9 फरवरी को भजन संध्या एवं 10 फरवरी को कलश यात्रा व प्राण प्रतिष्ठित होने वाली प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को महोत्सव में तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील की। बैठक में समिति पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



## कोसेलाव ने जीता ग्रामीण प्रतियोगिता का खिताब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** खिवांदी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रवणसिंह उगमसिंह की स्मृति में चार दिवसीय आशापुरा ि केट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह मुख्य अतिथि अतिथि केसी जैन, निर्मलसिंह, शिवराजसिंह बिठया, जयेन्द्रसिंह गलथनी के सानिध्य में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोसेलाव व बलाना के बीच खेला गया। जिसमें बलाना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ऑवर में युवराज के 33 रन की बदौलत 90 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी कोसेलाव टीम ने 91 रन बनाकर 5 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच राहुल सुथार रहे, जिन्होंने 14 बॉल में 30 रन बनाए। मैन ऑफ द सिरीज, बेस्ट बॉलर व बेस्ट बेस्टमैन का खिताब भी राहुल सुथार के नाम रहा। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी एवं उप विजेता टीम बलाना को 71 सौ रुपए देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नरेन्द्रकुमार, प्रवीणसिंह, अश्विनपाल सिंह, प्रतापसिंह, हितेश चौहान, निक्कू सुथार, समाजसेवी मनोहर परमार, राजाराम भाटी, दिनेश आदि मौजूद रहे।



## सिंदरू बांध भरने जवाई नहर में छोड़ा पानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जवाई बांध से जवाई कमांड क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए तीसरी पाण का पानी 6 जनवरी को दिया जाएगा। इससे पहले जवाई के सहायक बांध सिंदरू को भरने के लिए रविवार दोपहर अधिशासी अभियंता के निर्देशन में जवाई बांध से नहर में पानी छोड़ा गया। दोपहर सवा 2 बजे सिंदरू बांध को भरने के लिए नहर के गेट खोले गए। नहर में जमी काई/शेवाल को हटाने के लिए नहर में अलग-अलग जगहों से पानी के साथ ब्लीचिंग पाउडर डाला गया हैं। जिससे नहर संचालन में अवरोध नहीं होगा। इस मौके पर सहायक अभियंता अक्षय कुमावत, कनिष्ठ अभियंता अशोक पूनियां, राकेश प्रजापत कर्मचारी भभूतसिंह देवड़ा, अमराराम मौजूद रहे।



## खिंवाड़ा व्यापार संघ की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे के खेड़ादेवी मंदिर प्रांगण में रविवार सांय व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खिंवाड़ा को पंचायत समिति बनाने, विगत लंबे समय से बंद रोडवेज बस सेवा शुरु कराने, मेन बाजार में स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर थानाधिकारी प्रभुराम ने सड़क सुरक्षा सप्ताह व सायबर ' क्राइम के बारे में व्यापारियों को अवगत कराते हुए साइबर ' क्राइम से बचने के बारे में जानकारी दी गई। सरपंच श्रीपाल वैष्णव ने मैन बस स्टेंड व श्रीराम चौक में अव्यवस्थित लगने वाले हाथ ठेलों को एक निश्चित जगह पर लगाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर कपूरचंद जैन, किशोर मालवीय, शांतीलाल सोनी, रणछोड़ बंजारा, केसाराम मेघवाल, हस्तीमल दर्जी, पृथ्वीसिंह राजपुरोहित, जगदीश तेली, महेंद्र जैन, राजेन्द्र सोनी, विजयराज सोनी, जबरसिंह राजपुरोहित सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

### भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया ने जीती



## ▶▶ बुमराह श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**सिडनी।** शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा, जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। भारतीय टीम पिछली दो बार की उप विजेता है। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था।

लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी। बुमराह ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थता पर कहा, 'यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया।' बुमराह की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा (65 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (69 रन पर एक विकेट) मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे, जबकि कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा। कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी। जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। बुमराह पर भारत की अति निर्भरता भी उजागर हुई। सुबह के वार्म-अप सत्र के दौरान बुमराह ने गेंदबाजी का प्रयास किया लेकिन वह सहज महसूस नहीं कर रहे थे और उनकी अनुपलब्धता से तय हो गया था कि भारत के लिए छोटे लक्ष्य का बचाव करना असंभव होगा। कोहली और रोहित पर कड़े फैसले का इंतजार है। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कोच गौतम गंभीर सभी प्रारूपों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं या नहीं।



### ▶▶ एकदिवसीय में हार का सामना करना पड़ा

▪ इसके अलावा टीम को श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। अगर कोहली और रोहित को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो गंभीर को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्य कोच का जिद्दी रवैया सभी को पता है और इससे ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी उनके साथ बहुत सहज नहीं हो पा रहे हैं। ब्रिसबेन के बाद रविचंद्रन अश्विन का संन्यास और रोहित का खुद को बाहर करने का फैसला अचानक हुआ। किसी खिलाड़ी की रणनीति के साथ छेड़छाड़ करना प्रबंधन का सबसे अच्छा तरीका नहीं है जैसा कि पंत ने कई बार बहुत सावधान रहकर दिखाया जिससे उनकी स्वाभाविक लय बाधित हुई। लेकिन बल्लेबाजी से अधिक तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों ही राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता का विषय होंगे।

### ▶▶ टीम में बुमराह की अंतिम दिन कमी खली

▪ बुमराह की अनुपस्थिति ने दिखाया कि भारत को श्रृंखला के किस चीज की कमी खली, फिर भले ही ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा हो। जैसा कि ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि अगर बुमराह ने 32 विकेट नहीं लिए होते तो भारत की हार का अंतर और अधिक होता। ब्रिसबेन में मेहमान टीम बारिश के कारण बच गई और मेलबर्न में रोहित ने चौथे दिन अंतिम सत्र के दौरान खेल को अपने हाथ से जाने दिया। मोहम्मद सिराज को 100 विकेट पूरे करने में 36 टेस्ट मैच लगे हैं और ये आंकड़े बहुत बढ़िया नहीं हैं। आकाश दीप अभी भी नए हैं लेकिन उनमें क्षमता है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा मुश्किल गेंदों के साथ काफी आसान गेंद भी फेंकते हैं। हर्षित राणा इस स्तर के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं और उन्हें बड़े टेस्ट के लिए तैयार होने के लिए रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और इंडिया ए के कई मैच खेलने होंगे। स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा अब बल्लेबाज अधिक और स्पिनर कम हैं जब तक कि पहले दिन से विकेट से मदद नहीं मिले। पुणे में वाशिंगटन सुंदर के 12 विकेट को अलग रखा जाए तो वह बल्लेबाजी के अनुकूल विकेटों पर एक सक्षम ऑफ स्पिनर से अधिक बल्लेबाज हैं। जायसवाल अगले बल्लेबाजी सुपरस्टार के रूप में उभर रहे हैं और नितीश रेड्डी ने प्रतिभा की झलक दिखाई है।

## अगर कोहली का आखिरी टेस्ट था तो यह दुखद : कमिंस



▪ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। श्रृंखला के पहले मैच में शतक जमाने के बाद कोहली पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टंप से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी करके स्लिप में कैच देकर आउट हुए हैं। भारतीय टीम का मौजूदा दौरा कोहली का आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा माना जा रहा है। कमिंस ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतने के बाद कहा, 'यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का मजा आया। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर आप उसका विकेट लेते हैं तो जीतने में काफी मदद मिलती है। अगर यह उसकी आखिरी श्रृंखला है तो यह दुखद है।' कमिंस ने स्वीकार किया कि श्रृंखला के आखिरी दिन जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी से उन्हें फायदा मिला।

## ऑस्ट्रेलिया में सुनील गावस्कर का अपमान

▪ महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर 10 साल में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती। बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है।' उन्होंने कहा, 'मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।' भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं। इस बार पांच मैचों की श्रृंखला में पिछले सप्ताह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा है। भारत के लिए यह सीरीज हारने के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना भी खत्म हो गया।

# शतरंज खिलाड़ी हम्पी से मिले मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी से मुलाकात की और उन्हें 'खेल जगत की महान हस्ती' करार दिया जिन्होंने न्यूयॉर्क में फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप अपने नाम की थी। हम्पी ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे जिंदगी में एक बार मिलने वाला सौभाग्य बताया। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ''कोनेरू हम्पी और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई। वह एक खेल जगत की महान हस्ती हैं और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और अटूट दृढ़ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने न सिर्फ भारत को गौरवाविंत किया है बल्कि उत्कृष्टता को भी नए सिरे से परिभाषित किया है।'' हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का समापन किया। हम्पी ने ट्वीट किया, ''अपने परिवार के साथ हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना बेहद सम्मान की बात है और यह जीवन में एक बार मिलने वाला सौभाग्य था। यह अनुभव वास्तव में अविस्मरणीय था, प्रेरणा और प्रोत्साहन से भरा हुआ था। इस शानदार पल के लिए धन्यवाद, सर! '' हम्पी ने 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी और चीन की जू वेनजुन के बाद भारत की यह नंबर एक खिलाड़ी एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नें 2024 की शतरंज ओलंपियाड विजेता भारतीय महिला और पुरुष टीम और अभी अभी विश्व शतरंज चैंपियन बने डी गुकेश से भी खास मुलाक़ात की थी।

# देवजीत सैकिया बनेंगे बीसीसीआई के सेक्रेटरी

### ▶▶ 12 को बोर्ड मीटिंग में निर्विरोध चुने जाएंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इंटरिम सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ही बोर्ड के अगले सेक्रेटरी होंगे। उन्होंने सचिव पद के लिए नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। चा जनवरी को नॉमिनेशन की आखिरी तारीख थी, उनके अलावा किसी और ने नॉमिनेशन फॉर्म नहीं भरा। 12 जनवरी को बीसीसीआई में सचिव और कोषाध्यक्ष के पद पर उपचुनाव होंगे। दूसरा कोई उम्मीदवार नहीं होने के चलते सैकिया ही सचिव पद पर कायम रहेंगे। उन्होंने दिसंबर में जय शाह की जगह संभाली थी, जो अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन बन गए हैं। देवजीत सैकिया 2019 से बीसीसीआई के जॉइंट सेक्रेटरी हैं। प्रभतेज भाटिया कोषाध्यक्ष होंगे बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद के लिए भी एक ही नॉमिनेशन फाइल हुआ। प्रभतेज सिंह भाटिया ने इस पद के लिए नामांकन भरा, ऐसे में उपचुनाव में उनका भी निर्विरोध ही चुना जाना कंफर्म है। चार जनवरी को शाम पांच बजे तक नामांकन भरना था। छह जनवरी तक नॉमिनेशन की जांच होगी, फिर 12 जनवरी को इलेक्शन होंगे। 12 जनवरी को बीसीसीआई की मीटिंग भी उपचुनाव कराने के लिए बीसीसीआई ने अब तक ऑफिशियल अप्रूवल नहीं लिया है। हालांकि, 12 जनवरी को ही बोर्ड की स्पेशल जनरल मीटिंग है। इलेक्शन कमिशन की पूर्व चीफ एके ज्योति बीसीसीआई उपचुनाव की इलेक्टोरल ऑफिसर हैं। वह ही इलेक्शन कंडक्ट कराएंगी। असम क्रिकेट एसोसिएशन का हिस्सा हैं सैकिया देवजित सैकिया छह दिसंबर को ही बीसीसीआई के इंटरिम सेक्रेटरी बनाए गए थे। वह असम क्रिकेट एसोसिएशन का हिस्सा हैं। जिन्होंने जय शाह की जगह ली।

## पंत के पांच हजार इंटरनेशनल रन पूरे



**सिडनी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 61 रनों की तेज पारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 5,000 रन पूरे कर लिए हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज शनिवार को चल रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान इस मुकाम पर पहुंचा। पहली पारी में 98 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 40 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलने के बाद पंत ने दूसरी पारी में धमाकेदार वापसी की थी। अपनी पहली ही गेंद पर स्कॉट बोलैंड को उन्होंने छक्का लगाया। उन्होंने 33 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रनों की मनोरंजक पारी खेली। उनका स्ट्राइक 184.85 का था। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्होंने पांच मैचों और नौ पारियों में 28.33 की औसत और 59.02 की स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक के साथ 255 रन बनाए हैं।





# शाहिद कपूर की 'देवा' का धमाकेदार टीजर आउट

शाहिद कपूर की मचअवेटेड फिल्म और साल की पहली बड़ी फिल्म 'देवा' का टीजर रिलीज हो चुका है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का कुछ दिनों पहले ही एक पोस्टर रिलीज हुआ था, जिसे देखकर लग गया था कि शाहिद कपूर फिर से कोई बहुत बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। पोस्टर में शाहिद के पीछे लगे अमिताभ बच्चन के एंग्री यंग मैन वाले पोस्टर से ये हिंट तो मिल गया था कि शाहिद का एंग्री किरदार दिखने वाला है। अब इसका टीजर रिलीज हो चुका है जिसमें शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज देखने को मिला है। इससे एक्साइटमेंट और बढ़ती जा रही है। 'देवा' के टीजर में ऑडियंस को देवा की क्रेजी दुनिया देखने को मिली है। इसमें तगड़ा एक्शन देखने को मिला है। लेकिन टीजर की खास बात ये है कि पूरे टीजर में देवा डांस करते हुए दिख रहा है और बीच-बीच में उसके एक्शन सीन दिख रहे हैं। डांस की कोरियोग्राफी में शाहिद कपूर की ही फिल्म 'हैदर' के एक गाने 'एक और बिस्मिल' जैसी झलक दे रही है। यानी डांस में फाइट से ज्यादा गुस्सा दिख रहा है, जिसे शाहिद कपूर जैसा डांसर-एक्टर ही अपने फेस एक्सप्रेशन और बॉडी लैंग्वेज से दिखा सकता है। आप टीजर देखते ही समझ जाएंगे कि 'देवा' इस बार ऑडियंस को पागल करने के फुल मूड में है। 'देवा' में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की प्रभावशाली इमेज को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश किया जाएगा। फिल्म का डायरेक्शन फेमस मलयाली डायरेक्टर रोशन एंड्र्यूज ने किया है और इसे जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहिद कपूर पुलिस की वर्दी में भी दिखे हैं और उनके साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में हैं। देवा का धमाकेदार और एक्सप्लोसिव एक्शन 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। इसके पहले शाहिद कपूर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में दिखे थे और अब साल शुरू होते ही उनका कमाल फिर से देखने को मिलने वाला है।

# 'ड्रैगन' की शूटिंग शुरू करेंगे जूनियर एनटीआर



▪ साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में 'देवरा' में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे और फिलहाल वह बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह खलनायक बन बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस विशेष के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, इस बीच जूनियर एनटीआर के पास प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक पैन इंडिया फिल्म भी है। यह जूनियर एनटीआर की 31वीं फिल्म होगी। 'एनटीआर 31' का संभावित शीर्षक 'ड्रैगन' है। यह एक एक्शन फिल्म होगी। वहीं, अब फिल्म को लेकर ताजा जानकारी इसकी शूटिंग के बारे में सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'ड्रैगन' की शूटिंग 16 जनवरी से शुरू होने की उम्मीद है और यह शेड्यूल मंगलुरु में होगा। हालांकि, इस खबर पर निर्माताओं या खुद अभिनेता जूनियर एनटीआर की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। इस पर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। अगस्त 2024 में फिल्म को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया था और फिल्म की शूटिंग अक्तूबर 2024 में शुरू हो गई थी, लेकिन नील ने उन हिस्सों की शूटिंग की थी, जिसमें जूनियर एनटीआर शामिल नहीं थे।

## दमदार डायलॉग के साथ रिलीज 'स्काई फोर्स' का ट्रेलर




बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार साल 2025 की अपनी पहली फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल करने के लिए तैयार है। एक्टर एक फुल एक्शन-पैक्ड फिल्म 'स्काई फोर्स' रिपब्लिक डे के मौके पर, 24 जनवरी, पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया है जिसमें अक्षय कुमार के साथ-साथ वीर पहाड़िया भी दमदार रोल में नजर आए हैं। 'स्काई फोर्स' के ट्रेलर में अक्षय कुमार जबरदस्त एक्शन मोड में दिखाई दिए हैं। वहीं वीर पहाड़िया को एयर स्टंट करते देखा जा सकता है। ट्रेलर की शुरुआत हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच की जंग से होती है। बाद में अक्षय कुमार इस जंग में गुम हुए अपने साथी वीर पहाड़िया के किरदार को ढूंढने के मिशन पर जुट जाते हैं। ट्रेलर में सारा अली खान और निमरत कौर की भी झलक देखने को मिली है। रिपोर्ट की मानें तो 'स्काई फोर्स' की कहानी सरगोधा में पाकिस्तानी एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर बेस्ड है। 'स्काई फोर्स' को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को दिनेश विजान, अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज के तहत ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रही हैं। इस फिल्म से वीर पहाड़िया बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा एक्ट्रेस सारा अली खान और निमरत कौर भी 'स्काई फोर्स' में अहम किरदार अदा करती दिखाई देंगी।

# जाह्नवी ने किए तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर शनिवार को अपने कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने पहुंचीं। यहां पहुंच कर उन्होंने शिखर पहाड़िया के साथ भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। दोनों साथ में काफी खूबसूरत लग रहे थे। इस दौरान जान्हवी और शिखर दोनों पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आए। जान्हवी ने गहरे लाल-बैंगनी रंग की साड़ी के साथ इसी रंग का ब्लाउज पहना था। इसमें सफेद रंग का किनारा काफी आकर्षक लग रहा था। साथ ही वह गले में सफेद हार से काफी मनमोहक लग रही थीं। शिखर की बात करें तो वह दक्षिण भारत के पारंपरिक परिधान, जिसमें नीचे सफेद धोती और ऊपर गमछा डाले नजर आए। दोनों को देखने के लिए तिरुपति मंदिर परिसर में काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मंदिर परिसर में पहुंचने पर जाह्नवी ने भगवान वेंकटेश्वर को दंडवत प्रणाम किया। बता दें कि जाह्नवी कपूर पिछले कुछ समय से व्यवसायी शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। बचपन के प्रेमी कहे जाने वाले ये दोनों पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे से रह रहे हैं। दरअसल जाह्नवी को 'शिखर' नाम का पेंडेंट पहने हुए भी देखा गया था। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी के बॉलीवुड में आने के बाद दोनों के बीच दूरियां आ गई थीं, लेकिन आखिरकार वे एक-दूसरे के पास वापस आ गए। सिर्फ जाह्नवी ही नहीं, बल्कि उनका पूरा परिवार शिखर को बहुत पसंद करता है। ताजा चर्चाओं के अनुसार, जाह्नवी और शिखर 2025 के अंत तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। काम की बात करें तो जाह्नवी कपूर और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की क्रॉस-कल्चरल रोमांस फिल्म 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सूरज पंचोली बायोपिक में किरदार निभाने को तैयार



सूरज पंचोली, जो अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति और लोगों के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, अपनी पहली बायोपिक में लोगों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। 'हीरो' स्टार एक ऐसी फिल्म में एक गुमनाम योद्धा वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जो गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में हुए युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है। ड्रामा में उत्सुकता जोड़ते हुए, यह फिल्म 14वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान घुसपैठियों से मंदिर को बचाने के लिए लड़े और अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुमनाम योद्धाओं की प्रेरक कहानी को दर्शाएगी। निर्देशक प्रिंस धीमान द्वारा निर्देशित, इस बायोपिक को भव्य पैमाने पर भव्य सेट और पुनर्निर्मित महलों के साथ शूट किया गया है। इसके अलावा, अभिनेता पहली बार प्रतिष्ठित अभिनेता सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। प्रामाणिकता जोड़ने के लिए, अभिनेता पहले कभी नहीं देखे गए अवतारों को निभाएंगे, जो एक प्रभावशाली फिल्म को सामने लाएंगे जो न केवल जनता का मनोरंजन करने का वादा करती है बल्कि वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित कहानी भी बताती है। इस अनूठी परियोजना में प्रामाणिक एक्शन सीक्वेंस भी हैं, जो फिल्म के विषय के अनुभव और प्रभाव को बढ़ाने का वादा करते हैं। एक गुमनाम योद्धा की भूमिका निभाकर, सूरज पंचोली अपने अभिनय कौशल के साथ-साथ एक दमदार कलाकार के रूप में अपनी रेंज को उजागर करने के लिए तैयार हैं। दर्शकों से गहराई से जुड़ने वाली कहानी, दिलचस्प भूमिकाओं में सुनील शेट्टी का समृद्ध अनुभव और जटिल किरदारों को जीवंत करने की विवेक ओबेरॉय की कला के साथ, यह शक्तिशाली सहयोग ऐसा है जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर उत्साह साफ झलक रहा है, चर्चा है कि निर्माता जल्द ही इस प्रोजेक्ट की पहली झलक दिखाने वाले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कोल्लम में कार-बस की टक्कर में दो लोगों की मौत, तीन घायल

**कोल्लम।** केरल के कोल्लम जिले में चदयामंगलम के पास सबरीमाला श्रद्धालुओं को ले जा रही एक कार और पर्यटकों से भरी बस में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग मारे गए। हादसे में दो बच्चों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान तमिलनाडु के तिरुनेलवेली के राधापुरम निवासी सरवनन और तमिलनाडु के मार्थंडम निवासी शानमुखन अचारी के रूप में हुई है।

### पुंछ में अग्निवीर का शव मिला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तैनात एक अग्निवीर का शव संदिग्ध हालात में मिला। सूत्रों के मुताबिक सैनिक की पोस्टिंग के स्थान पर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वहां पहुंचने पर एक सैनिक खून से लथपथ पाया गया। राजस्थान निवासी इस सैनिक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है।

### अमेरिका में छह करोड़ नागरिक होंगे प्रभावित

**वर्जीनिया।** अमेरिका के मौसम विभाग ने देश के कुछ राज्यों के तटीय इलाकों में बर्फीले तूफान को लेकर चेतावनी जारी की है। साल 2025 का पहला तूफान दस्तक देने जा रहा है जिससे छह करोड़ लोगों के प्रभावित होने का अनुमान है। अमेरिकी मौसम विभाग ने इस तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। केंटुकी मिसौरी और वर्जीनिया के गवर्नरों ने अपने राज्यों में आपातकाल की स्थिति घोषित की है।

### अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए स्पेशल कैटेगरी वीजा शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने इंडियन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में हायर एजुकेशन लेने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए दो स्पेशल कैटेगरी वीजा शुरू किए हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए ई-स्टूडेंट वीजा और ई-स्टूडेंट-एक्स वीजा के लिए स्टडी इन इंडिया पोर्टल का उपयोग करना होगा। ई-स्टूडेंट वीजा का फायदा पोर्टल पर रजिस्टर्ड स्टूडेंट उठा सकते हैं, जबकि ई-स्टूडेंट-एक्स वीजा, ई-स्टूडेंट वीजा रखने वालों के आश्रितों को दिया जाता है।

### ज्वेलरी शोरूम से 12 लाख के गहने लूटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में रविवार को ज्वेलरी शोरूम से 12 लाख रुपए से ज्यादा की ज्वेलरी लूटी गई। पुलिस ने बताया कि 8 लुटेरों धारदार हथियार लेकर शोरूम में दाखिल हुए थे। डकैतों ने आसपास की दुकानों को भी लूटने का प्रयास किया। लेकिन दुकानदारों ने उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया था। इसके बाद लुटेरे मौके से भाग निकले। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए दुकानों के और इलाके में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# अजमेर दरगाह में रक्षा मंत्री राजनाथ ने पेश की चादर

## देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी

## बुलंद दरवाजे से पढ़ा राजनाथ सिंह का संदेश

**अजमेर।** ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स के अवसर पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से रविवार को चादर पेश की गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान चादर लेकर आए। उन्होंने मजार शरीफ पर चादर पेश की और देश में अमन चैन, खुशहाली की दुआ मांगी। वे रविवार को जयपुर आवास से रवाना होकर दोपहर को अजमेर पहुंचें। यहां पर चादर पेश कर बुलंद दरवाजे से राजनाथ सिंह का संदेश पढ़ा।




**उर्स पर भेजा सन्देश:-** संदेश में कहा गया कि महानसूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती जी के 813वें उर्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालु भाग लेने के लिए अजमेर शरीफ पहुंच रहे हैं। ख्वाजा साहब ने दुनिया को आपसी भेदभाव भुलाकर सौहार्दपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया। उर्स में सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग श्रद्धा भाव से शामिल होते हैं। इसके लिए सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। बता दें कि खान को दिल्ली रक्षा मंत्री आवास पर राजनाथ सिंह ने चादर सौंपी थी।

# किश्तवाड़ में चार की मौत, दो लापता



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन सड़क से फिसलकर नदी में गिर गया।

इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि चालक सहित दो अन्य लोग लापता हो गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बचाव अभियान जारी है। लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। वाहन में कुल छह लोग सवार थे।

# कर्नल राठौड़ ने किया क्रिकेटर सुशीला मीणा का सम्मान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान की उभरती हुई क्रिकेट खिलाड़ी सुशीला मीणा को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस समारोह में खेल मंत्री ने खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह में कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवा खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं और अवसर मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार खेल क्षेत्र को प्रोत्साहन देने और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुशीला मीणा, जो राज्य की प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ी हैं, को सम्मानित करते हुए कर्नल राठौड़ ने उनके मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुशीला जैसी खिलाड़ी न केवल राज्य बल्कि देश के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने सुशीला के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगी।

कर्नल राठौड़ ने यह भी बताया कि राजस्थान सरकार खेल सुविधाओं के विकास में निवेश कर रही है और खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की कोचिंग और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खेलों को युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इससे न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा, बल्कि राज्य का नाम भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन होगा।

इस अवसर पर सुशीला मीणा ने अपने सम्मान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि यह सम्मान उन्हें और भी कड़ी मेहनत करने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने राज्य सरकार और कर्नल राठौड़ का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों और सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन राजस्थान के खेल क्षेत्र को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला साबित हुआ।

# बजरी भरे डंपर ने दो बच्चों सहित दम्पती को कुचला

## गुस्साए लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला (जालोर)।** थानाक्षेत्र के उन्नड़ी-पोषाणा के बीच मामाजी मंदिर के पास स्टेट हाइवे पर रविवार शाम को बजरी का अवैध परिवहन कर रहे डंपर ने मोटरसाइकिल पर जा रहे पति-पत्नी समेत उसके दो बच्चों को कुचल दिया। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार बावतरा निवासी उत्तमपुरी (32) पुत्र मांगपुरी गोस्वामी, पत्नी टेपादेवी (30), बेटे हेमराज (5) व बेटी चिन्टू (8) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बावतरा से कोरा जा रहा था। उन्नड़ी-पोषाणा के बीच मामाजी मंदिर के पास स्टेट हाइवे पर बजरी से भरे डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दंपती व उसके दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। शव सड़क पर बिखर गए। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची सायला पुलिस ने शवों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायला की मोर्चरी पहुंचवाया। बजरी से भरे डंपर को जब्त कर लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए तथा स्टेट हाइवे को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों साइड में वाहनों की लंबी कतार लग गई। समाचार लिखे जाने तक लोग स्टेट हाइवे को जाम कर प्रदर्शन कर रहे थे।




# देहरादून-मसूरी मार्ग पर परिवार संग सीएम धामी ने की ट्रैकिंग

## यह ट्रैक साहसिक गतिविधियों का हिस्सा : सीएम

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिवार के साथ ट्रैकिंग करते हुए तस्वीर सामने आई है। ठंड के मौसम में सीएम ने 'देवभूमि उत्तराखंड आओ' के नारे के साथ रविवार को शहंशाही आश्रम, ओल्ड राजपुर रोड (देहरादून)-झड़ीपानी (मसूरी) मार्ग पर ट्रैकिंग की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रैक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अद्भुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है। उत्तराखंड में ऐसे कई ट्रैक आकर्षण का विशेष केंद्र हैं। राज्य में आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग शीतकालीन यात्रा के दौरान ट्रैकिंग का भी आनंद ले सकते हैं। सर्दियों में बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी और शुद्ध हवा और मनमोहक दृश्य उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को और भी अनोखा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड साहसिक गतिविधियों के लिए भी एक आदर्श स्थान है, अब उत्तराखंड न केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी आपके स्वागत के लिए तैयार है।



### » 'आदि गौरव महोत्सव' कार्यक्रम

नवंबर में पुष्कर सिंह धामी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह नाचते हुए दिख रहे थे। दरअसल वह राज्य जनजातीय शोध संस्थान उत्तराखंड द्वारा आयोजित 'आदि गौरव महोत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसी दौरान उन्होंने कलाकारों के साथ डांस किया था। नाचना-गाना नेताओं का काम नहीं है, सीएम धामी ने इस कहावत को गलत साबित किया था। उनके डांस से कलाकारों का भी हौसला बढ़ा था और जनता ने भी महसूस किया था कि हमारा सीएम हमारे ही जैसा है।

# यूपी-बिहार में ठंड से 10 लोगों की मौत

## दिल्ली में 160 फ्लाइट और 60 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर तेज हो रहा है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में ठंड से 8 लोग और बिहार में 2 लोगों ने जान गंवाई। अरुणाचल प्रदेश की सेला झील का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें 4 टूरिस्ट फंसे हुए नजर आ रहे हैं। ये सभी जमी हुई झील पर चलते समय उसमें फंस गए। हालांकि बाद में उनका रेस्क्यू कर लिया गया।

देश के 14 राज्यों में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा देखने को मिल रहा है। विजिबिलिटी घटने के कारण दिल्ली में रविवार को 160 फ्लाइट लेट हुईं। 7 कैंसिल भी हुईं। वहीं, 60 से ज्यादा ट्रेनें भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। दिल्ली में 3 दिनों में कुल 900 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। राजस्थान में ठंड से फिलहाल राहत है। मौसम विभाग ने कश्मीर और चिनाब घाटी में भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के भी 7 जिलों में भारी बर्फबारी के आसार हैं।

# एजुकेशन में प्राइवेटाइजेशन सही नहीं : राहुल गांधी

## आईआईटी मद्रास के छात्रों के सवाल का दिया जवाब



**चेन्नई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आईआईटी मद्रास के स्टूडेंट से मुलाकात की। एक्स पर स्टूडेंट से बातचीत का वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि सरकारों को एजुकेशन सेक्टर में खर्च बढ़ाना चाहिए। निजीकरण और वित्तीय सहायता के जरिए क्वालिटी एजुकेशन हासिल नहीं किया जा सकता है। राहुल से एक स्टूडेंट ने पूछा कि कांग्रेस और भाजपा की वर्किंग में क्या अंतर है। इस राहुल ने कहा कि कांग्रेस और यूपीए का आम तौर पर मानना है कि संसाधन निष्पक्ष तरीके से सभी में बंटने चाहिए। विकास सबके लिए बराबर होना चाहिए। समाज का कोई वर्ग इससे ना छूटे। वहीं, भाजपा वाले ग्रोथ को लेकर अधिक आक्रामक रहते हैं। उनका मानना है कि संसाधनों पर फोकस करना चाहिए। वे आर्थिक रूप से इसे ट्रिकल डाउन कहते हैं। सामाजिक मामलों पर कांग्रेस का मानना है कि समाज जितना सौहार्द से भरा होगा। उतने कम लोग लड़ेंगे।

# मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

## शवों के साथ एके-47 और एसएलआर बरामद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई है, जिसमें डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए। वहीं, जवानों ने एक महिला नक्सली समेत 4 माओवादियों को भी मार गिराया है। शहीद जवान सन्नू कारम एक आत्मसमर्पित नक्सली थे। कुछ साल पहले ही उन्होंने नक्सलवाद छोड़ दिया था और पुलिस में भर्ती हुए थे, जहां उनकी पोस्टिंग दंतेवाड़ा में हुई थी। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी नक्सलियों के शव और एके-47, एसएलआर जैसे हथियार बरामद किए हैं। इसकी पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है।

## प्रियंका गांधी पर रमेश बिधूड़ी का विवादित बयान

# 'कालकाजी में प्रियंका के गालों जैसी सड़कें बनवाएंगे'

## ये घटिया मानसिकता और आरएसएस के संस्कार : कांग्रेस

### बाद में बैकफुट पर आए रमेश बिधूड़ी, मैं अपने शब्द वापस लेता हूं

**नई दिल्ली।** दिल्ली से भाजपा कैंडिडेट रमेश बिधूड़ी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक कमेंट किया। बयान का वीडियो कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर शेयर किया। रमेश बिधूड़ी वीडियो में कहते दिख रहे हैं, 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।'



पवन खेड़ा ने इस बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बदतमीजी सिर्फ इस घटिया आदमी की ही मानसिकता नहीं दिखाती, यह है इसके मालिकों की असलियत। ऊपर से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कार आपको भाजपा के इन ओछे नेताओं में दिख जाएंगे। हालांकि, विवाद बढ़ने पर बिधूड़ी ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने यह बात लालू यादव की कही बातों के संदर्भ में कही है। कांग्रेस उस समय भी चुप रही जब लालू यादव उनकी सरकार में मंत्री थे। अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।

### ये बिधूड़ी की घृणित मानसिकता : सुप्रिया

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि वायनाड से कांग्रेस की लोकसभा सांसद के खिलाफ बिधूड़ी का बयान न केवल शर्मनाक है, बल्कि महिलाओं के प्रति उनकी घृणित मानसिकता को भी दर्शाता है। श्रीनेट ने आगे कहा कि महिला विकास मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी की महिला नेताओं को इस तरह की टिप्पणियों के बारे में बोलना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इसपर बयान देने को कहा।



## तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन का बड़ा एलान

### सिंधु घाटी लिपि को डिकोड करने पर मिलेगा पुरस्कार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि सिंधु घाटी की लिपि एक सदी से भी अधिक समय से एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है। उन्होंने इसे समझने वाले को एक मिलियन अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार देने की घोषणा की। रविवार को एग्मोर के सरकारी संग्रहालय में आयोजित सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की शताब्दी पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के दौरान सीएम एमके स्टालिन ने ये एलान किया। वहीं, इस कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान सीएम स्टालिन ने कहा कि सिंधु घाटी के मिट्टी के बर्तनों पर पाए गए लगभग 60 प्रतिशत प्रतीक तमिलनाडु में खुदाई के दौरान मिली कलाकृतियों पर पाए गए प्रतीकों के समान हैं।

# चीन-अमेरिका के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बना भारत

## मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लम्बाई 1000 किलोमीटर




**नई दिल्ली।** भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क 1000 किमी तक बढ़ गया है। इतने बड़े नेटवर्क के साथ भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़े मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। दिल्ली ने 2002 में अपनी मेट्रो यात्रा शुरू की थी, जब अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को पहली मेट्रो दी। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली वालों को नई मेट्रो परियोजनाओं और नमो भारत का उपहार दिया।

### भारत में मेट्रो नेटवर्क से जुड़ी खास बातें

*दिल्ली मेट्रो की शुरुआत 2002 में हुई थी। आज 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। साल 2014 में यह केवल 5 राज्यों के 5 शहरों में था, जो अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में मेट्रो नेटवर्क में 3 गुना वृद्धि हुई है। 2014 में भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 1000 किलोमीटर का हो गया है। आज मेट्रो से प्रतिदिन 1 करोड़ से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, जो 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना से अधिक है। मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के दैनिक 86 हजार किलोमीटर का 3 गुना है।*

### दिल्ली से मेरठ तक नमो भारत ट्रेन

*न सिर्फ मेट्रो, बल्कि इसके अलावा रेलवे के मामले में भी काफी आगे निकल चुका है। पीएम मोदी ने दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के पहले खंड का उद्घाटन किया, इसके अलावा साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच बने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किमी लंबे खंड का भी उद्घाटन किया। इस रूट पर रविवार शाम 5 बजे से यात्री परिचालन शुरू हो जाएगा और और 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध होंगी। न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपए और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपए है।*

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.